ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 12 जून 2024
वर्ष 5, अंक 78, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुपर आठ से एक कदम दूर भारत 15

फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान 16

## पीएम ने सोशल मीडिया से 'मोदी का परिवार' हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री ने समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया खातों पर नाम के आगे लिखा 'मोदी का परिवार' हटा दिया और समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग की चुनावी जीत ने प्रभावी रूप से वह संदेश दिया है, जो उसे देना चाहिए था।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने उन पर आरोप लगाया था कि उनका अपना कोई परिवार नहीं है। प्रधानमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा था कि भारत के लोग उनका परिवार हैं। इसके बाद भाजपा सदस्यों और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने मार्च में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इसका उपयोग एक अभियान के रूप में किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'मोदी का परिवार' से मुझे बहुत ताकत मिली।

## ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नए सेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** वर्तमान में उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी सेना के नए प्रमुख होंगे। वे 30 जून दोपहर से अगले सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में सेवाएं दी हैं। सरकार ने 26 मई को थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को एक महीने का सेवा विस्तार दिया था। इस वजह से वह 30 जून तक इस पद पर बने रहेंगे।

## काम में जुटी मोदी सरकार, नए मंत्रियों ने संभाला पदभार

नई दिल्ली, एजेंसी

परिवर्तन और निरंतरता का संकेत देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए केंद्र की नई सरकार ने मंगलवार को काम शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री कार्यभार संभालने के लिए अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचे। मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने के एक दिन बाद कई मंत्रियों ने सुबह ही कार्यभार संभाला और अहम फाइलों पर हस्ताक्षर किए। कुछ लोगों ने प्रार्थना के साथ कार्यभार संभाला तो कुछ ने समर्थकों की नारेबाजी के बीच।

राजग 3.0 ने चुनाव परिणामों के एक सप्ताह बाद 'कार्यभार संभाला' जिसमें गठबंधन को 293 सीटों के साथ बहुमत मिला, जो 272 के बहुमत के आंकड़े से अधिक था। भाजपा को हालांकि 240 सीटें मिलीं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा



कृषि मंत्री शिवराज चौहान को बधाई देतीं भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज।

### दायित्व संभालने के साथ किए अहम फाइलों पर हस्ताक्षर

कि 'भारत प्रथम' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि उस देश की सीमा पर कुछ मुद्दे बने हुए हैं और उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कामकाज संभाल लिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल लिया। इसी मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी कार्यभार संभालने के बाद नड्डा से मुलाकात की। अश्विनी वैष्णव ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण किया। उनके पास रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब से गरीब लोगों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय और सरकार का मुख्य उद्देश्य बना लिया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने भी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाला। मनसुख मांडविया ने श्रम एवं रोजगार मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी पदभार ग्रहण किया। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र और भारतीय डाक विभाग दोनों को वैश्विक और स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वह संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। नई महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया।

### एक नजर

#### ज्योति विज बनीं फिक्की की महानिदेशक



**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने आज ज्योति विज को फिक्की के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की क्योंकि इस पद पर कार्यरत शैलेश पाठक ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। फिक्की ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि विज 1993 में फिक्की में शामिल हुईं, विभिन्न पदों पर काम कर चुकी हैं और वर्तमान में फिक्की की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। फिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने कहा कि विज की नई भूमिका में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। विज तत्काल प्रभाव से फिक्की सचिवालय का कार्यभार संभालेंगी।

#### हत्या के मामले में कन्नड़ अभिनेता हिरासत में

**बेंगलुरु।** प्रमुख कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कथित हत्या के एक मामले में हिरासत में लिया गया है और पूछताछ जारी है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दर्शन और 13 अन्य लोगों को भी पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है और उनसे रेणुकास्वामी नामक एक व्यक्ति की कथित हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है जिसका शव नौ जून को यहां मिला था। आरोप है कि एक फार्मा कंपनी में काम करने वाले रेणुकास्वामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में फिल्म अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा के खिलाफ कुछ अश्लील टिप्पणी की थी। अभिनेत्री दर्शन की दोस्त बताई जाती है।

#### लोस सदस्य बनने के बाद राज्यसभा में 10 सीटें रिक्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के बाद राज्यसभा में 10 सीटें खाली हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इन्हें अधिसूचित किया है। असम, बिहार और महाराष्ट्र में दो-दो, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक रिक्तियां हैं। ये रिक्तियां कामाख्या तासा (असम), सर्बानंद सोनोवाल (असम), मीसा भारती (बिहार), विवेक ठाकुर (बिहार), दीपेंद्र सिंह हुड्डा (हरियाणा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (मप्र), उदयनराजे भोंसले (महाराष्ट्र), पीयूष गोयल (महाराष्ट्र), केसी वेणुगोपाल (राजस्थान) और बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) से जुड़ी हैं।

# राज्य में नई तबादला नीति को मंजूरी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्तावों को दी स्वीकृति**

**जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे करने वाले कर्मचारियों को 30 जून तक मनचाहा तबादला**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, अधिकारियों को दोहरा लाभ दिया है। लोकभवन में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दी गई। सभी मनचाहे स्थानांतरण 30 जून तक हो जाएंगे। नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं, समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का पहले ट्रांसफर किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले लाखों सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ देने का भी फैसला लिया। स्थानांतरण के क्रम में समूह क और ख के अधिकारियों के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। मंगलवार को योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 को मंजूरी दी गई।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट से पारित स्थानांतरण नीति के तहत अगर समूह ग और घ के लिए 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना जरूरी होगा। बताया कि 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकासखंडों में रिक्त पड़े पदों को भरने की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।



#### प्रयागराज कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। महाकुंभ की तैयारियों को देखते हुए 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की जगह 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में मेले का विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग स्नान के लिए प्रयागराज आएंगे।

#### बरेली व गाजियाबाद में निजी विवि को हरी झंडी, पांच के नाम बदले

राज्य सरकार ने पांच विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया है। इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। इनमें महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, मां शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय बलरामपुर शामिल हैं जिनमें विश्वविद्यालय से पहले राज्य शब्द लगा था। वहीं, उप्र. राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद को अब गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के नाम से जाना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित होने की जानकारी साझा की। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। दोनों ने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

#### एक दिन पूर्व भी रिटायर हुए तो वेतन वृद्धि

मंत्रिमंडल ने लाखों सरकारी कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए साफ कर दिया कि 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वालों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। लेकिन अब उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा।

#### बुंदेलखंड के 26 प्रोजेक्ट को मंजूरी

कैबिनेट ने बुंदेलखंड क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को भी स्वीकृति दी। इनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि दो महीने में सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। आईआईटी कानपुर में स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। राज्य सरकार इसके लिए हर साल 10 करोड़ रुपये देगी। शेष मदद केंद्र से आएगी। नोएडा में भी 500 बेड के अस्पताल को मंजूरी मिली, जिसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा।

## माझी होंगे ओडिशा के नए मुख्यमंत्री

भुवनेश्वर, एजेंसी



- केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री का पद

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे तथा केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भाजपा विधायक दल की करीब एक घंटे तक चली बैठक के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की।

राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में यहां पार्टी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में माझी के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि माझी के नाम का प्रस्ताव सुरमा पाढ़ी और पृथ्वीराज हरिचंदन ने रखा, जिसका बैठक में मौजूद सभी पार्टी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी ने सिंगदेव और परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को यहां जनता मैदान में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

#### चंद्रबाबू आज लेंगे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ



**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू बुधवार को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और बंडी संजय कुमार के साथ-साथ कई अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। राजग नेताओं के अनुरोध के बाद राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने मंगलवार को नायडू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

## 'सरकारी परिवार' को मोदी बांट रहे सत्ता की वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर किया मोदी पर पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे।

कांग्रेस नेता ने राजग के 20 नेताओं के नाम गिनाए जिनमें एचडी कुमार स्वामी, जयंत चौधरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान, राम मोहन नायडू, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू, जेपी नड्डा, जितिन प्रसाद, कीर्ति वर्धन सिंह और अनुप्रिया पटेल शामिल हैं।

## विवि में दो बार प्रवेश देने की अनुमति होगी : यूजीसी

**नई दिल्ली।** देश के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिल जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है। यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुमार ने कहा कि ऐसे छात्रों को लाभ होगा, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाते हैं।

## बड़ी मस्जिद के इमाम की गोली मारकर हत्या, खंडहर में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- घर की छत पर सो रहे थे मौलाना अकरम, किसी ने बाहर बुलाया फिर गोली मार दी

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के भैंसिया गांव में मंगलवार तड़के बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना अकरम (40) पुत्र आले नवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव घर के पास खंडहर में मिला। वह रामपुर जिले के थाना स्वार क्षेत्र के भूकरा मसवासी के रहने वाले थे। सुबह गोबर डालने गई महिला ने शव देखा तो शोर मचाया। इस पर गांव वाले एकत्र हो गए और पुलिस को खबर दी। थानाध्यक्ष, सीओ और एसपी सिटी मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। परिजन किसी प्रकार की रंजिश से इनकार कर रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक, मौलाना घर की छत पर सो रहे थे। उन्हें किसी ने घर से बाहर बुलाकर गोली मारी है। इस मामले में आजाद नगर निवासी डॉ. जैदुल ने कटघर थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि मौलाना को किसने और क्यों मारा, यह वह खुद नहीं समझ पा रहे हैं। उधर, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मौलाना का शव खंडहर में मिला है। आशंका जताई कि रात में मौलाना किसी के बुलाने पर घर से बाहर आए होंगे, इसी दौरान उन्हें गोली मारी गई होगी। उन्हें एक गोली लगी है। सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई हैं।

## कार में लगी आग, 6 लोगों की पुलिस ने बचाई जान



- सहस्त्रधारा जा रहे थे बिजनौर के पर्यटक

**देहरादून।** नेहरू कॉलोनी में चलती कार आग का गोला बन गई। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सक्रियता दिखाते हुए कार में फंसे 6 लोगों को बाहर निकाला, जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। कार सवार बिजनौर से देहरादून घूमने के लिए आए थे। नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में बिजनौर के पर्यटक कार से सहस्त्रधारा घूमने जा रहे थे। तभी विधानसभा तिराहे के पास उनकी कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी, जिससे उसमें सवार फंस गए। कार में आग लगते ही आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने की जुगत में लग गए। पुलिस कर्मियों ने जैसे-तैसे कार में सवार छह लोगों को बाहर निकाला। इस बीच वहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई जिसकी मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

## नीट काउंसलिंग पर रोक से इंकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, एनटीए दे जवाब : सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र और एनटीए के अलावा बिहार सरकार को भी नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। हालांकि कोर्ट ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह इतना आसान नहीं है कि आपने जो किया है वह सब पाक साफ है। शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। केंद्र और एनटीए के अलावा पीठ ने बिहार सरकार को भी नोटिस जारी किया। राज्य में परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं।

पीठ ने कहा कि आपको कितना समय चाहिए? अदालत खुलने के तुरंत बाद? नहीं तो काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत की पीठ में गर्मियों के अवकाश के बाद आठ जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी आयोजित करता है।

## वीआईपी सुरक्षा से हटाई जाएंगी एनएसजी और आईटीबीपी

नई दिल्ली, एजेंसी

**बड़े बदलाव की उम्मीद : महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों को सौंपने की तैयारी**



नए मंत्रियों के प्रभार संभालने और अत्यधिक जोखिम का सामना कर रहे एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी एवं आईटीबीपी से अन्य अर्द्धसैनिक बलों को हस्तांतरित किए जाने के साथ, केंद्र सरकार की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और आमूलचूल बदलाव नजर आने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इस महत्वपूर्ण विषय की समीक्षा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों तथा कुछ अन्य लोगों को दिया गया सुरक्षा कवर या तो वापस ले लिया जाएगा, घटाया जाएगा या बढ़ा दिया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया है कि अति विशिष्टि व्यक्तियों (वीआईपी) की सुरक्षा ड्यूटी से 'ब्लैक कैट' कमांडो को पूरी तरह से हटाने के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को अब लागू किया जाएगा और सभी नौ व्यक्तियों की 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा इकाई को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मियों द्वारा कुछ वीआईपी को दी जा रही सुरक्षा सीआरपीएफ या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) को सौंपी जा सकती है। एनएसजी कमांडो के निकट सुरक्षा बल द्वारा सुरक्षा पाने वालों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा सुप्रीमो मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल हैं।

#### 2012 से बन रही एनएसजी को दायित्व मुक्त करने की योजना

एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा कार्यों से मुक्त करने की योजना 2012 से ही बनाई जा रही है, जब एनएसजी कमांडरों ने एक ऐसी स्थिति का अनुमान लगाया था जिसमें देश के विभिन्न स्थानों पर एक ही समय पर आतंकी हमले हो सकते हैं और कमांडो को विभिन्न दिशाओं में भेजना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने एनएसजी को नया रूप देने और इसके कर्मियों का उपयोग अयोध्या में राम मंदिर के निकट और देश के दक्षिणी भाग में स्थित महत्वपूर्ण संपदा के आसपास कुछ अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में कमांडो की 'हमलावर टीम' को तैनात करने का निर्णय लिया है। वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी को हटाए जाने पर, दो दशक से अधिक समय बाद 'ब्लैक कैट' कमांडो को इस दायित्व से मुक्त किया जाएगा।

## शहर में आज

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12 :30 बजे।

☞ स्वार रोड स्थित फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में योगाभ्यास प्रात 5 : 00 बजे।

## एक नजर



वन स्टॉप सेंटर में तैनात अधिकारियों से वार्ता करते एसपी राजेश द्विवेदी।

### वन स्टॉप सेंटर का एसपी ने किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए। वन स्टॉप सेंटर द्वारा छह माह में 100 से अधिक प्रकरणों में निस्तारण व सुलह कराया गया है। इसके लिये उन्होंने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।

### दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे तहसील के अधिवक्ता

**टांडा, अमृत विचार :** तहसील के अधिवक्ता दूसरे दिन भी सांकेतिक हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं ने बैठक कर कहा कि वकीलों की सभी समस्याओं का समाधान होने तक हड़ताल जारी रहेगी। बैठक में अध्यक्ष अनिल भारद्वाज, महासचिव दिनेश कुमार चौहान, कुंवर संजय सिंह, वेदप्रकाश, विजेंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवती से छेड़छाड़, विरोध पर की मारपीट

**मिलक, अमृत विचार :** बहन के घर गयी युवती को जीजा के भाई ने बुरी नियत से दबोच लिया। विरोध करने पर युवती के साथ जीजा सहित तीन लोगों ने मारपीट की। पिता के साथ कोतवाली पहुंची युवती ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पीड़िता की बहन ने बेटे को जन्म दिया। बहन की देखभाल करने के लिए बहनोई उसे 25 मई को बुलाकर ले गया था। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# 10 लाख से होगा चाकू चौक की सड़क का नवीनीकरण

## सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक इस मार्ग पर नहीं चलेंगे वाहन, डायवर्ट किया रूट

**अमृत विचार – खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 21 मई के अमृत विचार के अंक में चाकू चौक की सड़क गड्ढों में हिचकोले खा रहे वाहन खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का असर हुआ और 10 लाख रुपये की लागत से चाकू चौक के गोल चक्कर की सड़क का नवीनीकरण बुधवार से शुरू होगा। इसे लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सड़क का नवीनीकरण कार्य होने पर बिलासपुर, केमरी और स्वार से आने-जाने वाले वाहनों के लिए सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक रूट डायवर्ट रहेगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने रूट डायवर्ट के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा है। पुलिस अधीक्षक ने रूट डायवर्ट कराने के आदेश दे दिए हैं।



गोल चक्कर की खस्ताहाल सड़क। ● अमृत विचार

### आचार संहिता हटने का अधिकारियों को था इंतजार

चाकू चौक के गोल चक्कर की सड़क की हालत सुधारने को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आचार संहिता हटने का इंतजार था। चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना सम्पन्न होने के बाद सड़क के नवीनीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाई गई। इसके बाद आठ जून को रूट डायवर्ट के लिए अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा। रूट डायवर्ट होने की सहमति मिलने पर नवीनीकरण कार्य बुधवार सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक कराया जाएगा।

चाकू चौक के गोल चक्कर के आसपास की सड़क खस्ताहाल है। इससे पर्यटकों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चौक से बाएं ओर भमरौआ रोड होते हुए शहजादनगर, दाएं ओर खौद होते स्वार की ओर रास्ता जा रहा है। चौक के सामने रास्ता बिलासपुर की ओर जा रहा है। चौक के आसपास बने गोल चक्कर की सड़क उधड़ गई है और गहरे गड्ढे हो गए थे। बिलासपुर की ओर जाने वाले पर्यटकों को दुश्वारियों को झेलना पड़ता है। सड़क की समस्या का समाचार 21 मई को अमृत विचार ने प्रकाशित किया था। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने सड़क की हालत सुधारने की प्रक्रिया शुरू की। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने संबंधित सहायक अभियंता, अवर अभियंता को निर्देशित किया है। कार्य के दौरान दोनों अधिकारी साइट पर मौजूद रहेंगे। नवीनीकरण के लिए विभाग की ओर से दिनभर तैयारियां होती रही।

### इन रास्तों से होकर गुजरेंगे वाहन

चाकू चौक की सड़क की हालत सुधारने को लेकर ट्रैफिक पुलिस और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने रूट चार्ट बनाया है। इसमें बिलासपुर की ओर जाने वाले वाहन चौक से पहले बाईं ओर को भुर्जी मंडैया, नवीन मंडी, स्वार-मिलकखानम होते हुए, बिलासपुर से आने वाले वाहन केमरी रोड होते पहाड़ी गेट की ओर निकाले जाएंगे। स्वार से आने वाले वाहन चौकी एकता से आश्रम पद्धति स्कूल होते हुए कोसी का पुल हाईवे की ओर निकाल जाएंगे। नवीनीकरण कार्य सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक कार्य कराया जाएगा। इसके लिए बिलासपुर गेट पर ट्रेफिक पुलिसकर्मियों द्वारा बेरियर लगवाए जाएंगे।



चाकू चौक की सड़क के गड्ढों में हिचकोले खा रहे वाहन

21 मई के अंक में अमृत विचार में प्रकाशित समाचार। ● अमृत विचार

> चाकू चौराहा स्थित गोल चक्कर की सड़क का नवीनीकरण कराया जाएगा। मार्ग पर यातायात अधिक होने के कारण नवीनीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा था। रूट डायवर्ट के लिए पुलिस अधीक्षक को लिखा गया था। कराम कराने की अनुमति मिल गई है।
>
> **–केवी सिंह,** अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

# एग्रीजंक्शन के लिए 25 जून तक करें आवेदन : शैलेंद्र

● विकास खंडों के लक्ष्यों में परिवर्तन भी किया जा सकता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में किसानों को एक छत के नीचे वन स्टाप शॉप के माध्यम से गुणावत्तायुक्त बीज, उर्वरक, कीटनाशक व जैव कीटनाशक, जैव उर्वरक, माइकोन्यूट्रिएन्टस, वर्मी कम्पोस्ट आदि समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति की जाएगी। ब्लॉको में एग्रीजंक्शन बनाए जाएंगे। एग्रीजंक्शन की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।

लघु कृषि यंत्र एवं प्रसार सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना (एग्रीजंक्शन) के अन्तर्गत 2024-25 में जनपद में निवास करने वाले बेरोजगार कृषि स्नातकों से 25 जून की शाम पांच बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के लिए बेरोजगार कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक, स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों तथा उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इसी तरह की गतिविधियों में शामिल लोग पात्र होंगे। अभ्यर्थी किसी राज्य, केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी आईसीएआर, यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्रीधारी हों। आवेदक की आयु 25 जून 2024 तक 40 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व महिला आवेदकों के लिए आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट हैं।

पात्र अभ्यार्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता दी जायेगी। आवेदक जिस विकास खंड का निवासी है, उसी विकास खंड के लिए आवेदन किया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक अभिलेख, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आवेदकों से स्वप्रमाणित) संलग्न करें। योजना के अन्तर्गत विकासखंड चमरौआ, सैदनगर, शाहबाद, स्वार, बिलासपुर तथा मिलक में तीन-तीन एग्रीजंक्शन की स्थापना का लक्ष्य है।

# सेवा क्लब ने अजीतपुर बी को दी 79 रन से मात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट के दूसरे दिन ज्वाला क्लब के मैदान पर एकतरफा मुकाबले में सेवा क्लब क्रिकेट टीम ने अजीतपुर बी की टीम को 79 रन से हरा दिया। समिति के पदाधिकारियों ने दोनों टीमों का हौसला बढ़ाया।

ज्वाला क्लब सेवा समिति की ओर से ज्वाला क्लब मैदान में कराए जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन सेवा क्लब और अजीतपुर बी के बीच मैच खेला गया। टास जीतकर सेवा क्लब के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। सेवा क्लब के कप्तान का यह फैसला टीम के लिए लाभप्रद रहा। सेवा क्लब की टीम ने 20 ओवर में 189 रन का स्कोर खड़ा किया। प्रियांशु गौतम ने सबसे ज्यादा 48 गेंदों में 72 रन बनाए। इसके जवाब में अजीतपुर बी की टीम 110 रन बनाकर 16 ओवर में ही सिमट गई। सेवा क्लब को 79 रन से विजयी घोषित कर दिया गया।



मैच का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल। ● अमृत विचार

मैन आफ द मैच सेवा क्लब के प्रियांशु गौतम को दिया गया। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी कर 72 रन बनाए। मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यप्रकाश पाल, प्रमोद आहूजा तथा अवधेश शर्मा रहे। इस अवसर पर अमित ठाकुर, अभिनाश पटेल, विक्की सक्सेना, विनय शर्मा, संजू शर्मा, शिवम भारद्वाज, पराग मणि वशिष्ठ, पीयूष कुमार, अजय राठौर, यशपाल सिंह, हरिओम यादव, शाहवेज, उदयवीर, लक्की, नितिन, हर्ष, त्रिभुन पंडित, ज्वाला आदि मौजूद रहे।



बल्लेबाजी करता खिलाड़ी।

# कनेक्शन के हिसाब से उपलब्ध नहीं हैं मीटर : शाहरून

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य शाहरुन खां ने अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर उन्हें जन समस्याओं से अवगत कराया।

कहा कि विद्युत कनेक्शन की ऑनलाइन प्रक्रिया हो चुकी है। लेकिन ऑनलाइन करने के बाद भी मीटर लगने में देरी हो रही है। बिजली विभाग ने जितने कनेक्शन दिए हैं, बिजली घर पर उतने मीटर उपलब्ध नहीं हैं। इसकी वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मीटर की आवश्यकता अधिक है। जबकि उपलब्धता कम है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि आवश्यकता को देखते हुए और अधिक मीटर मंगाए जाएंगे। इस अवसर पर शाहरुन खां के साथ रामकिशोर व चुन्ना राम भी मौजूद रहे।

# शीतल जल पिलाकर गर्मी से दिलाई राहत

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** जैन समाज द्वारा मुख्य चौराहे पर एक जून से लगाए गए 'छाया पंडाल' में लगातार जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नागरिक भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं। सामाजिक कार्यों की खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार ने प्रशंसा की। भारतीय जैन मिलन के संदेश जैन ने लोगों से पर्यावरण संवारने के लिए छायादार और फलदार पौधे लगाने आह्वान किया।

ग्यारहवें दिन राहगीरों को शीतल जल बांटकर सेवा की। जैन समाज, जैन मिलन, महिला जैन मिलन तथा एसएस जैन सभा के तत्वावधान में उमस भरी गर्मी से मुख्य चौराहे पर लगाए गए 'छाया पंडाल' से रोडवेज बसों का इंतजार करने वाले यात्री व राहगीर राहत महसूस कर रहे हैं। इस पंडाल में लगातार सबील लगाकर शर्बत वितरण करके सेवा भी की जा रही है। मंगलवार को रघुवीर कौशल, विजय कौशल एवं अशोक कौशल के परिवार ने शीतल जल की व्यवस्था की। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार ने भी राहगीरों की सेवा की। बीडीओ ने समाज के कार्यों की प्रशंसा करते हुए गर्मी में लोगों को शीतल जल व शर्बत पिलाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य बताया।



छाया पंडाल में लोगों को शर्बत पिलाते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भारतीय जैन मिलन के संदेश जैन ने बताया समाज कि चार सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए छाया पंडाल का काफी लोग लाभ ले रहे हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से छायादार और फलदार पौधे लगाने का भी आग्रह किया। इस मौके पर हिमांशु जैन, रामाधार अग्रवाल, अशोक तनेजा, सुमेर चंद्र जैन, ऋषभ जैन, पारस जैन, संकुल जैन, संयम जैन, भाजपा नेत्री मधुबाला गुगलानी, मनीष जैन, अमित जैन आदि मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में तीन कंपनियों ने 15 युवाओं को दी नौकरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला सेवायोजन अधिकारी अभिषेक पन्त ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तीन कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। इसमें लारसन एंड टर्बो मल्टीनेशनल कम्पनी द्वारा बिल्डिंग कन्सट्रक्शन तथा इलेक्ट्रीकल टेक्नीशिनयन पद के लिए, जेनेवा क्राप्स साइंस प्राइवेट लिमिटेड ने सेल्स एक्जीक्यूटिव पद के लिए तथा पुखराज हेल्थ केयर कंपनी ने वेलनेस एडवाइजर पद के लिए साक्षतकार किए। रोजगार मेले में 65 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार के बाद 14 अभ्यर्थियों का चयन हो गया।

जिला सेवायोजन कार्यालय में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ सहायक मनोज कुमार एवं कम्पनियों के एचआर ने बेरोजगार अभ्यर्थियों की प्री-कॅरियर काउन्सलिंग भी की। सुझाव दिया कि जीवकोपार्जन आवश्यक है। वह अपनी रुचि के अनुरूप रोजगार का चयन करें।

बेरोजगार अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बेरोजगार अभ्यर्थियों को अपने अन्दर स्किल पैदा करना चाहिए। अपनी रुचि के अनुसार कम्पनी में प्रतिभाग करना चाहिए। जीवन में जब भी अवसर मिले उसका तत्काल लाभ लेना चाहिये। बेरोजगार अभ्यर्थियों को विभिन्न भर्ती आयोगों की चयन प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।

## बकरीद पर कराई जाए बेहतर व्यवस्था

**रामपुर, अमृत विचार :** जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा है कि 17 जून को बकरीद मनाई जाएगी। पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रशासन माकूल व्यवस्थाएं कराए।

कहा कि नगर पालिका द्वारा घरों में पानी की आपूर्ति अधिक से अधिक दिलाई जाए। कुर्बानी का सिलसिला तीन दिन तक लगातार जारी रहता है। कहा कि कुर्बानी के लिए लोग साप्ताहिक बाजारों से खरीदकर जानवरों को घरों में बांध लेते है। ताकि बाद में उन्हें कुर्बानी के लिए बेचा जा सके। इसकी अनुमति कारोबारियों को दी जाए। इस मौके पर अब्दुल वहाब खां उर्फ मौलवी फैजान खां, काशिफ, कामरान खां, अहमद मियां समेत कई पदाधिकारी शामिल रहे।

### उधार के रुपये मांगने पर धारदार हथियार से हमला

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी शिवकुमार ने बताया कि उसके पड़ोसियों ने जल्दी लौटा देने का वायदा करते हुए उससे कुछ रुपये उधार लिए थे। रुपये वापस मांगने वह टालमटोल कर रहे थे। मंगलवार को जब उसने कड़ाई के साथ अपने रुपये मांगे तो वह लोग उत्तेजित हो गए। उन्होंने पहले उसके साथ गाली-गलौज की और धारदार हथियार से हमला कर उसे जख्मी कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## युवती से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास में रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** खेत से चारा लेने गई युवती से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही कमलेश के खिलाफ छेड़छाड़ और एसटी-एससी एक्टमें रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि छह जून की शाम उसकी बेटी खेत से चारा लेने गई थी। तभी आरोपी युवक ने उसे खेत में गिरा लिया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराया और पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पुलिस ने दुष्कर्म का आरोपी दबोचा, भेजा जेल

**धमोरा, अमृत विचार :** शहजादनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका कहना था कि 31 मई की रात उसकी बेटी सो रही थी। तभी गांव का ही अल्फाज घर में घुस आया और बेटी के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने अल्फाज को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को दूसरे आरोपी समीर को तमंचे के साथ पकड़ कर जेल भेज दिया।




**परेशानी** भीषण गर्मी में ठंडे पानी के लिए तरस रहे कस्बेवासी व राहगीर

# विधायक निधि से लगे दोनों वॉटर कूलर खराब


संवाददाता, ढकिया

**अमृत विचार :** कस्बे में लगे वाटर कूलर भीषण गर्मी में खुद ही प्यासे हैं। ऐसे में लोगों का गला तर कैसे होगा। लोगों को ठंडा पानी पीने के लिए एक साल पूर्व विधायक निधि से खान सिंह जनता इंटर कॉलेज के निकट मढ़ी पर और श्मशान घाट के दरवाजे पर वॉटर कूलर लगवाए गए थे। वर्तमान में दोनों ही खराब हो चुके हैं।

इन दोनों वाटर कूलरों ने कुछ दिन तक तो ठीक से काम किया। इससे लोगों को राहत मिली। मगर इनके खराब होने से लोगों को दिक्कत हो रही है। लोगों ने कई बार दोनों वॉटर कूलरों को ठीक कराने की मांग भी की। लेकिन किसी अधिकारी ने इन्हें ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई। इसके कारण विधायक निधि से लगे दोनों वॉटर कूलर शो पीस बनकर रह गए हैं। लोगों को ठंडे पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। खरीदारी करने आने वाले लोगों ठंडे पानी की तलाश में इन वाटर कूलरों पर पहुंचते हैं तो उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है।




ढकिया में खान सिंह जनता इंटर कॉलेज के समीप मढ़ी के सामने खराब पड़ा वाटर कूलर।




> कस्बे में विधायक निधि से लगे दोनों वाटर कूलर खराब हैं। भीषण गर्मी में लोग ठंडे पानी के लिए परेशान हैं।
>
> **– दीपचंद कश्यप**



> कस्बे में लगे दोनों वाटर कूलर खराब हैं। कई बार अधिकारियों से इन्हें ठीक कराने के लिए शिकायत की गई। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। भीषण गर्मी में लोग ठंडे पानी के लिए तरस रहे हैं।
>
> **– मुनफ खान**



> श्मशान घाट के पास शुक्रवार को सप्ताहिक पैठ लगती है। खरीदारी करने आने वाले लोगों को शीतल जल नहीं मिल रहा है। वाटर कूलर खराब होने के कारण भीषण गर्मी में लोगों को पानी की दिक्कत हो रही है।
>
> **– दुष्यंत कुमार**




### आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी। मौसम शुष्क रहेगा।

| 42.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:13 |

## एक नजर

### यतीमखाने के मामले में इंस्पेक्टर की हुई मुख्य परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** यतीमखाने से जुड़े मामले में इंस्पेक्टर जसपाल सिंह ग्वाल की मुख्य परीक्षा हुई। अब इस मामले में दो जुलाई को सुनवाई होगी। सपा शासन में यतीमखाना के लोगों ने बस्ती को खाली कराने पर मारपीट, लूटपाट, डकैती व चोरी के आरोप लगाए थे। इस मामले में 2019 में शहर कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। इसमें सपा नेता आजम खां समेत कई लोग नामजद थे। मंगलवार को एक मामले में इंस्पेक्टर जसपाल सिंह ग्वाल की मुख्य परीक्षा हुई। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि इस मामले में अब दो जुलाई को सुनवाई होगी।

# ई-रिक्शा चालक के पैर कटने पर गुस्सा, नायब तहसीलदार को पीटा

## स्वार-काशीपुर मार्ग पर लगाया जाम, अनियंत्रित डंपर की टक्कर में ई-रिक्शा चालक हुआ घायल

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह नौ बजे खनन लदे अनियंत्रित डंपर ने सामने से आ रही ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इसके बाद डंपर खंभे से टकरा गया। परिणामस्वरूप खंभा ई-रिक्शा पर गिर गया। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक के दोनों पैर कट गए। आनन-फानन में घायल ई-रिक्शा चालक को काशीपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर डंपर चालक भीड़ के चंगुल से छूटकर फरार हो गया। पुलिस को मामले की तहरीर दे दी गई है। हालांकि अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। गुस्साए लोग धरने पर बैठे गए और उन्होंने नायब तहसीलदार को पीट दिया। मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।

नगर के मुख्य बाजार वार्ड संख्या-छह निवासी 40 वर्षीय बृजकिशोर दिवाकर ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। मंगलवार की सुबह बृजकिशोर ई-रिक्शा लेकर आ रहा था। स्वार-काशीपुर मार्ग पर डॉक्टर गोला के सामने खनन लदे अनियंत्रित डंपर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इसके बाद डंपर बिजली के खंभे में घुस गया। खंभा ई-रिक्शा चालक बृजकिशोर के ऊपर गिर गया। इसमें उसके दोनों पैर कट गए। ई-रिक्शा और बिजली का पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटनास्थल पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई। घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। भीड़ ने डंपर चालक को पकड़ लिया, लेकिन वह मौका पाकर भागने में सफल हो गया। घायल बृजकिशोर को आनन-फानन में काशीपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हादसे के बाद लोगों ने मौके पर जाम लगा दिया। इससे स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग पर वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया। अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर कार्रवाई की मांग को लेकर तमाम लोग धरने पर बैठ गए। लोगों ने पुलिस-प्रशासन पर अवैध खनन को बढ़ावा देने और खनन के धंधेबाजों से सांठगांठ होने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। आरोप है कि मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह ने कह दिया ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। उनके इस बयान पर भीड़ भड़क गई। आक्रोशित लोगों ने नायब तहसीलदार की पिटाई कर दी और कपड़े भी फाड़ दिए। नायब तहसीलदार ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई।

उधर, हादसे की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी स्वार अवनीश कुमार, सीओ संगम कुमार, सीओ अतुल कुमार पांडेय, कोतवाल संदीप त्यागी, मिलक खानम एसओ संजीव कुमार, चौकी इंचार्ज रोहित कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। धरने में नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल, हरिओम मौर्य, रघुवीर आर्य के अलावा काफी लोग मौजूद रहे।


हादसे के बाद धरने पर बैठे लोग। ● अमृत विचार


ई-रिक्शा चालक के पैर कटने के बाद बिलखते बच्चे और महिलाएं। ● अमृत विचार

### प्रतिबंध के बावजूद ओवरलोड डंपर दौड़ने पर आक्रोश

प्रतिबंध के बावजूद नगर से होकर अवैध खनन और ओवरलोड डंपरों के सरपट दौड़ने से लोगों में आक्रोश है। पूर्व में भी कई लोग इन खनन लदे ओवरलोड वाहनों की चपेट में आकर काल के गाल में समा चुके हैं। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सुबह सात से रात आठ बजे तक खनन लदे वाहनों पर नो एंट्री लगा दी थी। इसके बाद भी मुख्य मार्ग से होकर खनन लदे वाहन बिना रोक-टोक धड़ल्ले से गुजर रहे हैं। इससे लोगों में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

नगर के लोगों सहित घायल बृजकिशोर के परिजनों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अवनीश कुमार को सौंपा है। ज्ञापन में घायल को मुआवजा, परिवार के सदस्य को नौकरी, खनन के वाहनों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने सहित कई मांग रखीं गईं हैं। उप जिलाधिकारी ने पीड़ित को शासन-प्रशासन से मदद दिलाने के आश्वासन पर लोग शांत हुए।


जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करते प्रदेश सचिव भानु प्रताप सिंह यादव।

### जेडीयू के प्रदेश सचिव ने नितीश से की मुलाकात

**रामपुर, अमृत विचार :** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव भानु प्रताप सिंह यादव ने दिल्ली में एनडीए सरकार गठन के दौरान जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीश कुमार से मुलाकात की।

भानु प्रताप सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जदयू के सहयोग से मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। सरकार में जनता दल यूनाइटेड के सांसद राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह को कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को राज्यमंत्री बनाने खुशी जताई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीश कुमार तथा बिहार की जागरूक जनता को बधाई दी। कहा कि पार्टी को केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। इस सफलता के लिए नितीश कुमार बधाई के पात्र हैं।

# मुठभेड़ में गोली लगने से गो तस्कर घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बाइक सवार गो तस्कर ने रोकने पर पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस ने खुद का बचाव करते पैर में गोली मारकर गो तस्कर को घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अस्पताल में भर्ती आरोपी से पूछताछ की।

पुलिस अधीक्षक ने गो तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी के चलते मंगलवार की तड़के कोतवाली पुलिस चौकी क्षेत्र में किशनपुर से आगे रवन्ना गांव के पास चेकिंग कर रही थी। तभी कच्चे रास्ते की तरफ से आ रहे बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार संदिग्ध को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। उसने रुकने की बजाए पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग कर दी। पुलिस की गोली बदमाश की टांग में लगी। इसमें वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को मौके से 315 बोर का तमंचा, दो खोखा व एक जिन्दा कारतूस तथा बिना नंबर की मोटर साईकिल मिली।

पुलिस का कहना है कि मुठभेड़ में पुलिस के हत्थे चढ़ा फईम निवासी निकट पानी की टंकी घेर नज्जू खां थाना गंज काफी समय से गो तस्करी में लिप्त हैं। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल पहुंचकर घायल बदमाश से पूछताछ की।


जिला अस्पताल में गो तस्कर से पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी

### आरोपी पर दर्ज हैं पांच मुकदमे

कोतवाली पुलिस का कहना है कि आरोपी फईम पर गंज, सिविल लाइन व भोट थाने में जानलेवा हमला और पशु क्रूरता के पांच मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसे काफी समय से तलाश रही थी। मंगलवार की सुबह मुठभेड़ में वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। अन्य पशु तस्करों को पकड़ने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।

## रंजिश में पूर्व प्रधान के बेटे को मारी गोली, घायल

**रामपुर/टांडा, अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने पूर्व प्रधान के बेटे के गोली मारकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव बैजना निवासी जुबैद अली का कहना है कि मंगलवार की सुबह 10:30 बजे उसका भाई इकराम अपनी दुकान पर जा रहा था। जैसे ही वह प्रानपुर में राहत जान के घर के पास पहुंचा तो पहले से घात लगाए मुबस्सर अली, फरदीन अली, साजीम अली, गुड्डू व नाजिश ने उसके भाई को घेर लिया और तमंचे से गोली मार दी। गोली उसके भाई की पीठ में लगी और वह बाइक से गिर गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी मुबस्सर अली, फरदीन अली, साजीम अली, गुड्डू व नाजिश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। घायल को काशीपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# विजय को गंज और पवनवीर को कोतवाली की कमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आचार संहिता हटते ही पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों तबादले कर दिए हैं। गंज प्रभारी को एसपी का वाचक बनाया गया है। शहर कोतवाल को गंज और अजीमनगर प्रभारी को शहर कोतवाल की कमान सौंपी गई है।

लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता हटते ही अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने भी तबादलों की झड़ी लगा दी है। उन्होंने 12 निरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है। इंस्पेक्टर अजीमनगर पवनवीर सिंह राणा को कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। कोतवाली प्रभारी विजयपाल सिंह को गंज प्रभारी और गंज प्रभारी संजीव कुमार को एसपी का वाचक बनाया गया है। इंस्पेक्टर शाहबाद ओमकार सिंह को टांडा और इंस्पेक्टर टांडा प्रिन्स शर्मा को शाहबाद का प्रभारी बनाया गया है। शहजादनगर प्रभारी अमरनाथ वर्मा को पटवाई का प्रभारी बनाया है। महिला इंस्पेक्टर ज्योति सिंह को भोट थाने की कमान सौंपी गई है। केमरी के इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार सिंह को अपराध शाखा भेजा गया है।

टांडा के अपराध निरीक्षक रविन्द्र सिंह को सर्विलांस प्रभारी बनाया गया है। अजीमनगर में तैनात इंस्पेक्टर वीरेश कुमार को टांडा में अपराध प्रभारी बनाया गया है। शहजादनगर थाने में तैनात निरीक्षक अपराध मानचंद्र को निरीक्षक अपराध पटवाई और केमरी में तैनात इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह को भोट थाने में अपराध निरीक्षक बनाया गया है।

- पुलिस अधीक्षक ने 12 निरीक्षकों को किया इधर से उधर
- प्रिन्स शर्मा को बनाया गया शाहबाद का प्रभारी

### एसपी ने 26 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने देर रात 26 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर कर दिया है। इनमें कई चौकी इंचार्ज भी शामिल हैं। दरोगा अजयपाल को अजीमनगर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दरोगा अमर सिंह राठौर को पुलिस लाइन से एसओजी प्रभारी बनाया गया है। पटवाई प्रभारी अजय कुमार शर्मा को पुलिस लाइन, एसओजी में तैनात दरोगा हरेंद्र यादव को शहजादनगर भेजा गया है। भोट प्रभारी निशा खटाना को महिला सचल दल में भेजा गया है। दरोगा हिमांशु चौहान को दढ़ियाल से केमरी भेजा है। खुजरिया में तैनात दरोगा प्रशांत कुमार को चौकी दढ़ियाल, राहुल कुमार को चौकी भवंरका से मसवासी, रोहित कुमार को मसवासी से चौकी भवंरका भेजा गया है। सैदनगर चौकी प्रभारी शैलेंद्र प्रताप को टांडा भेजा गया है। सिविल लाइन के चौकी प्रभारी अजय कुमार राणा को सैदनगर चौकी प्रभारी बनाया गया है। पनवड़िया चौकी पर तैनात दरोगा नीरज शर्मा को सिविल लाइन चौकी प्रभारी बनाया है। शाहबाद में तैनात बलराम सिंह को प्रभारी चौकी टांडा और टांडा में तैनात दरोगा नरेंद्र कुमार को शाहबाद भेजा गया है। दरोगा योगेश कुमार को अजीमनगर से सैफनी में किया गया तबादला निरस्त कर दिया है। चमरौआ चौकी में तैनात दरोगा अफजाल को केमरी, अजीमनगर थाने में तैनात दरोगा कृष्णपाल को पनवड़िया चौकी भेजा है। चौकी अजीतपुर में तैनात एसआई रितेश कुमार को थाना कोतवाली, चौकी चौक में तैनात अमित कुमार को अजीतपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। गंज थाने से दरोगा मनोज कुमार पांडेय को चौकी ज्वालानगर प्रभारी बनाया है। ज्वालानगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार त्रिपाठी को चौकी रज्जड़, चौकी ढकिया प्रभारी आनंद वीर सिंह को शाहबाद भेजा है। केमरी में तैनात दरोगा विपिन कुमार को खौद भेजा है। अमित कुमार को चौकी खौद से अजीमनगर भेजा गया है। सैफनी में तैनात रामकुमार को अजीमनगर और अजीमनगर में तैनात दरोगा सुभाष चंद्र को शहजादनगर थाने भेजा गया है।



अस्पताल को सील करते नोडल अधिकारी। ● अमृत विचार

# नवीनीकरण नहीं होने पर पब्लिक हॉस्पिटल सील

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिलक में पब्लिक हॉस्पिटल का नवीनीकरण नहीं होने पर सील किया गया है। टीम ने कागजात प्रस्तुत करने के लिए संचालक को तीन दिन का समय दिया है। समयावधि गुजरने के बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की छापेमारी से अन्य संचालकों में खलबली मची रही।

मंगलवार को नोडल अधिकारी डा. केके चहल के नेतृत्व में टीम मिलक पहुंची। उन्होंने पब्लिक हॉस्पिटल पर छापेमारी की। इस दौरान टीम को चिकित्सक नहीं मिले। हॉस्पिटल का नवीनीकरण भी नहीं कराया गया है। यह कमियां मिलने पर हॉस्पिटल को सील किया गया। टीम ने मौके पर नोटिस चस्पा कर नवीनीकरण कराने के लिए तीन दिन का समय दिया है। डा. केके चहल ने बताया कि हॉस्पिटल संचालक ने सीएमओ कार्यालय में नवीनीकरण नहीं कराया है। संचालक को तीन दिन का समय दिया गया है। समयावधि गुजरने के बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**सुविधा** शासन ने कुछ दिन पहले जारी किया था बजट, जिले में 2392 बांटे थे टैबलेट

# बीएसए ने बीईओ को बांटे मोबाइल सिम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कुछ माह पहले बेसिक शिक्षकों को टैबलेट दिए गए थे। मई में शासन ने टैबलेट के लिए सिम कार्ड देने के साथ ही डेटा के लिए भी बजट जारी कर दिया था। इसके बाद बेसिक अधिकारी ने सभी बीईओ को सिम दे दिए हैं। स्कूल खुलने पर इन्हें शिक्षकों को दिया जाएगा।

बच्चों को ऑन लाइन पढ़ाने में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को परेशानी हो रही थी। इसके तहत जिले में 1253 स्कूलों को चिहिन्त करते हुए 2392 टैबलेट बांटे गए थे। शिक्षक-शिक्षिकाओं को ऑनलाइन अटेंडेंस लगाने व बच्चों को पढ़ाने के भी आदेश हुए थे। टैबलेट मिलने के बाद शिक्षकों ने सिम उपलब्ध कराने की मांग की थी। इसका समाधान करते हुए शासन ने एक माह पहले सिम में रिचार्ज कराने के लिए बजट भी पास कर दिया था। इसके लेकर विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी थीं।

मंगलवार को बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार ने बीईओ को पोस्टपेड सिम दे दिए हैं। इन्हें स्कूल खुलने पर बांट दिया जाएगा। खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सक्सेना, फोटो लाल, डीसी ट्रेनिंग अंकित सक्सेना, डीसीएमडीएम राहुल सक्सेना, डीसी एमआईएस रफत अली खां आदि मौजूद रहे।


टैबलेट के लिए दिए गए सिम दिखाते बेसिक शिक्षाधिकारी एवं अन्य। ● अमृत विचार

> जिले में जनवरी में 2392 टैबलेट बांटे गए थे। अब शासन की ओर से टैबलेट को चलाने के लिए सभी बीईओ को सिम दे दिए गए हैं। स्कूल खुलने पर इन्हें शिक्षकों को दे दिया जाएगा।
>
> **-अंकित सक्सेना**
> जिला समन्वयक, प्रशिक्षण

### कुछ शिक्षक वाई फाई से चला रहे थे टैबलेट

जनवरी में शासन के आदेश से स्कूलों में शिक्षकों को टैबलेट तो बांट दिए थे लेकिन सिम नहीं दिए थे। बहुत से शिक्षक मोबाइल के माध्यम से वाई फाई से कनेक्ट करके टैबलेट चला रहे थे। जबकि कुछ स्कूलों में नेटवर्क की समस्या आ रही थी।

# नकली शराब बनाते तीन लोग गिरफ्तार, दो फरार

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने ब्रांडेड कंपनी की नकली शराब बनाते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी व उसका साथी फरार हो गए। टीम ने मौके से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की नामी कंपनी की नकली शराब की बोतलें, खाली बोतलें, ढक्कन, रैपर व एक कार बरामद की है। बरामद नकली शराब की कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मौके से गिरफ्तार किए तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार की सुबह थानाध्यक्ष निशा खटाना के नेतृत्व में पुलिस गश्त कर रही थी। सूचना मिली थी कि क्षेत्र के अलीपुर ठेका के मझरा में एकान्त में स्थित मकान में अवैध रूप से नकली शराब बनाई जा रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी आबकारी विभाग को दी। सूचना पर आबकारी विभाग की टीम भी थाने पहुंच गयी। इसके बाद पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अलीपुर ठेका के मझरा गांव स्थित एकान्त में बने मकान की घेराबंदी कर छापा मारा। अचानक पुलिस को देख अवैध रूप से शराब बना रहे लोगों में भगदड़ मच गयी। पुलिस ने बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज निवासी जगरूप सिंह, उत्तराखंड के थाना ट्रांजिट कैंप की आदर्श इंद्र बंगाली कालोनी निवासी सौरब मिस्त्री व शंकर राय को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दीपक यादव व बलजीत फरार होने में कामयाब हो गए। टीम ने मौके से 63 पेटियों में भरे 2859 पव्वे अपमिश्रित शराब सोल्जर मार्का, 35 लीटर स्प्रिट, पांच लीटर कैरामल, 389 खाली पव्वे, 3830 एमडी बाजपुर डिस्टलरी के ढक्कन, एक किलो यूरिया व एक होंडा सिटी कार तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद कर लिये।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ आबकारी आधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों का चालान किया जा रहा है। उन्होंने टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। बताया कि नकली शराब आर्डर पर जिले से बाहर भी सप्लाई की जाती थी। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि दीपक यादव व बलजीत मुख्य आरोपी है। वही उत्तराखंड व प्रदेश के अन्य जिलों से शराब का आर्डर लाते थे।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

एक नजर

## पंखे का तार बोर्ड में लगा रहे युवक की करंट से मौत



**बहजोई, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बैठक में सफाई कर्मियों की बायोमेट्रिक हाजिरी का विरोध किया गया। बायोमेट्रिक हाजिरी बंद किए जाने की मांग उठाई गई तो वहीं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किए गए।बड़ा मैदान पार्क में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष धीरज पाल यादव ने कहा कि सफाई कर्मचारी सुबह अपनी पंचायत में सफाई करने जाते हैं तब पंचायत घर बंद रहता है या किसी कारण पंचायत घर का नेट बंद रहता है जिसके कारण सफाई कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लग पाती है। सफाई कर्मचारी काम करने के बाद भी गैर हाजिर बताए जाते हैं। बायोमेट्रिक हाजिरी बंद की जानी चाहिए। इसके बाद संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किए गए। जिसमें बहजोई से ब्रह्मपाल सिंह, बनिया खेड़ा ब्लॉक से दौलत राम, पवांसा से कौशल प्रजापति, संभल से विनोद प्रजापति, असमोली से सुरेंद्र सिंह, जुनावई से बदलराम, गुन्नौर से कृष्णपाल, रजपुरा से मुकेश कुमार को ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया। इस दौरान विनोद कुमार, दौलतराम, कौशल कुमार, धर्मेंद्र सिंह, केसरी सिंह आदि रहे।

## तालाब की ढांग से बालू निकालने गए बुजुर्ग की मिट्टी में दबकर मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- मकान निर्माण के लिए बालू लेने गया था बुजुर्ग

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में मकान निर्माण के लिए तालाब में बालू निकाल रहे बुजुर्ग पर भरभरा कर मिट्टी की ढांग गिर गई। काफी मशक्कत कर ग्रामीण ने बुजुर्ग को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।



थाना क्षेत्र के गांव मणिकावली निवासी किसान कोमिल सिंह यादव (68 वर्ष) का मकान बन रहा है। मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे कोमिल सिंह यादव गांव नगलामदी के पास तालाब से बालू निकालने के लिए पहुंचा। कोमिल सिंह मिट्टी की ढांग में घुस गया और बालू निकालकर बेटे चरन सिंह को देता रहा। चरन सिंह बालू को बैलगाड़ी में भर रहा था। अचानक भरभरा कर मिट्टी की ढांग गिरी तो कोमिल सिंह यादव दब गया। बाहर मौजूद बेटे चरन सिंह ने शोर मचाया तो पिता को निकालने के लिए हाथों से मिट्टी हटाने में जुट गया। काफी प्रयास के बाद भी सफल नहीं हुआ। कई लोग मिट्टी हटाने के काम में जुट गए। गांव कासिमपुर ललरोई के सतीश कुमार ने फोन से गांव मणिकावली में हादसे की सूचना दे दी। जिसके बाद काफी लोगों ने मौके पर पहुंचकर फावड़े और हाथ से मिट्टी हटाई लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। लोग कोमिल सिंह यादव को निकालकर तुरंत निजी डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने देखते ही कोमिल सिंह यादव को मृत घोषित कर दिया।

# बकरीद पर बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखें

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



एसडीओ को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

- ऑल इंडिया उलमा मशाइख बोर्ड ने उप खण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** 17 जून को ईद उल अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। इस संदर्भ में मंगलवार को ऑल इंडिया उलेमा माशाइख बोर्ड के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंच कर एसडीओ कुलदीप सिंह को ज्ञापन सौंप कर बकरीद के दौरान तीन दिन तक शहर की बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग की है।

ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड के हाजी शाह आलम मंसूरी के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मंगलवार की सुबह 11 बजे मुरादाबाद रोड स्थित विद्युत वितरण खण्ड पहुंचे। जहां उपखंड अधिकारी द्वितीय कुलदीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि आगामी 17 जून को ईद उल अजहा का त्योहार आ रहा है। यह त्योहार तीन दिन का है और इसमें सबसे ज्यादा पानी और सफाई की जरूरत होती है। पानी और सफाई तभी संभव है जब बिजली सुचारू रूप से मिलती रहे। इसलिए ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड मांग करता है कि 17, 18, 19 जून दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार को नगर को कटौती मुक्त रखा जाए। जिससे नगर में पानी के अलावा सफाई व्यवस्था पूरी तरीके से दुरुस्त हो सके। ज्ञापन देने वालों में हाफिज मतीन अशरफी, मो. सद्दाम चिश्ती, मो. मुजीब, अफजल आलम, असीम, हाफिज आकिब, सूफी अबरार आदि बोर्ड के सदस्य मौजूद रहे।

# पैदल यात्रा की चेतावनी पर एसडीएम ने बुलाई बैठक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



एसडीएम से वार्ता करते भाजपा नेता व अन्य विभागों के अधिकारी। ● अमृत विचार

- जलनिगम व 36 बी रेलवे फाटक के कार्य में तीन दिन में तेजी दिखाने के दिए निर्देश
- बुधवार को निकलने वाली पैदल यात्रा की गई स्थगित

**अमृत विचारः** जलनिगम व 36 बी रेलवे फाटक पर कार्य में लापरवाही के चलते जनता ने बुधवार को चन्दौसी से बहजोई जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल न्याय यात्रा निकालने का निर्णय लिया था। जिसकी सूचना पूर्व में जिलाधिकारी को दे दी गई थी। मंगलवार को जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद तहसील में एसडीएम नीतू रानी ने जलनिगम व 36 बी रेलवे फाटक से जुड़े अधिकारियों को अपने कार्यालय पर बुलाया और बैठक की।

जिसमें जलनिगम के ठेकेदार से घटिया कार्य, घटिया सामग्री, घटिया पाइप, रोज लीकेज, कम पानी, गड्ढों का निस्तारण आदि को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया। जिसमें ठेकेदार ने एसडीएम को तीन दिन में समस्त समस्या का समाधान करने के लिए लिखित में पत्र दिया। कहा कि जलनिगम से जुड़ी समस्याओं का तीन दिन में निस्तारण कर दिया जाएगा। इसके बाद 36 बी रेलवे फाटक पर बनने वाले ओवरब्रिज को लेकर अधिकारी व ठेकेदार को निर्देश दिए कि तीन दिन में काम में तेजी दिखाई जाए। जनता के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि अगर कार्य में शीघ्रता नजर नहीं आई तो तीन दिन के बाद जनता चन्दौसी से डीएम कार्यालय तक पैदल न्याय यात्रा निकालेगी । बुधवार को निकलने वाली पैदल यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, विक्रम सिंह, पवन गुप्ता, सभासद तरुण कुमार नीरज, नवकांत शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर सेतू शशिकांत, सेतु निगम के ठेकेदार अनिल गुप्ता, जलनिगम के ठेकेदार सौरभ गुप्ता, नगर पालिका के जेई केके अग्रवाल, जलकर जेई अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**चन्दौसी, अमृत विचारः** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। पुलिस घायल को सरकारी अस्पताल लेकर आयी। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मंगलवार की रात करीब साढ़े आठ बजे गांव रीठ के निकट सड़क किनारे एक युवक घायलावस्था में पड़ा था। राहगीरों की नजर पड़ी तो युवक के मोबाइल से उसके भाई संजय को मामले की जानकारी दी। युवक की पहचान नन्हें पुत्र नेत्रपाल निवासी गांव प्रहलादपुर थाना बनियाठेर के रुप में हुई। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल हुआ है।

## संभल में सिपाही चला रहा था दिल्ली से चोरी हुई सांसद के ड्राइवर की बुलेट

कार्यालय संवाददाता,संभल

- शिकायत हुई तो पुलिस ने कब्जे में ली बिना नंबर प्लेट वाली बाइक

**अमृत विचारः** पांच वर्ष पहले दिल्ली से चोरी हुई सांसद के ड्राइवर की बुलेट मोटरसाइकिल संभल में उत्तर प्रदेश पुलिस का हेड कांस्टेबल चला रहा था। अफसरों तक शिकायत हुई तो पुलिस ने आनन फानन में मोटरसाइकिल कब्जे में ले ली। हालांकि अभी तक सिपाही के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अफसर मामले की जांच कराने की बात कह रहे हैं।

कुछ दिन पहले बिजनौर से जनपद संभल में तबादले पर आया पुलिस का मुख्य आरक्षी बिना नंबर की बुलेट मोटरसाइकिल चला रहा था। संदेह हुआ तो कुछ लोगों ने मोटर साइकिल के इंजन व चेचिस नंबर से उसकी हिस्ट्री खंगाली। पता चला कि मोटरसाइकिल 22 जनवरी 2019 को दिल्ली के महावीरनगर कोटला मुबारकपुर से चोरी हुई थी। यह मोटर साइकिल का पंजीकरण नई दिल्ली के 51 सी सेकेंड फ्लोर पोकेट ए सेक्टर-3 ईडीएसआईडीसी ब्लॉक-13 बबाना निवासी सुखदेव सिंह के नाम पर है। बताया जा रहा है कि सुखदेव सिंह इस समय राजस्थान के सांसद की कार का ड्राइवर है। सिपाही द्वारा चोरी की बाइक चलाने की शिकायत डीआईजी से की गई। इसके बाद मंगलवार शाम को कोतवाली पुलिस ने चौधरी सराय पुलिस चौकी पर खड़ी बिना नंबर की बुलेट मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर थाने पर भिजवा दिया। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि बुलेट बाइक को कब्जे में लेकर कोतवाली भिजवाया गया है। क्या पूरा मामला है इसकी अभी जानकारी नहीं है। यह बाइक चौधरी सराय पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल के पास थी।



नरौली चौकी में अमन कमेटी की बैठक करते थानाध्यक्ष। ● अमृत विचार

# थानाध्यक्ष बोले, बकरीद पर नई परंपरा डालने का प्रयास न करें

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** नगर पंचायत नरौली की कस्बा पुलिस चौकी में मंगलवार की शाम आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर अमन कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष बनियाठेर मोहित कुमार काजला ने कहा कि बकरीद का त्योहार शांति पूर्वक मनाएं। किसी प्रकार की कोई नई परंपरा डालने का प्रयास नहीं किया जाएगा। जहां पर कुर्बानी होती आई है वहीं कुर्बानी की जाए। अवशेषों को इधर-उधर न डालें। माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आया जाएगा। चेयरमैन बिट्टन मलिक ने पुलिस के अनुसार गड्ढे खुदवा कर अवशेषों को डालने की बात कही। इस मौके पर चौकी इंचार्ज अजय कुमार त्यागी, अब्दुल नादिर, उस्मान खां, अनुज गुप्ता, सचिन शर्मा, संजीव राघव, रामबाबू शर्मा, माघवेंद्र सिंह, सत्येंद्र शर्मा, सोनी राघव, कमल दिवाकर, कमल प्रजापति, मौसम, राम, अक्षय कुमार, नितिन कुमार, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

**तैयारी** ओवरब्रिज निर्माण के लिए मेटेरियल लेकर पहुंचेगी सेतु निगम की टीम

# रूट डायवर्जन को यातायात पुलिस ने लगाए बैरियर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



रेलवे फाटक पर रूट डायवर्जन का पालन कराते यातायात पुलिस कर्मी।

- एनओसी मिल गई है जिस के वाद निर्माण शुरु होना है।
- सीओ तिराहा, संभल गेट, धन्नूमल पेट्रोल पम्प तिराहा पर लगे हैं बैरियर

> सेतु निगम की टीम ओवरब्रिज निर्माण के लिए मैटेरियल लेकर पहुंचेगी। मंगलवार को दिन में टीम मेटेरियल लेकर नहीं पहुंची। जिससे भारी वाहनों का रूट डायवर्जन करने के लिए बैरियर लगा दिए गए हैं। मेटेरियल आने पर पूर्णतया रूट डायवर्जन का पालन कराया जाएगा।
> -अनुज मलिक, यातायात प्रभारी।

**अमृत विचारः** लंबे समय के बाद नगरवासियों को मंडी समिति रेलवे फाटक 36बी पर ओवरब्रिज निर्माण होने का इंतजार समाप्त होता नजर आ रहा है। अब ओवरब्रिज निर्माण की शुरुआत जल्द होने की संभावना है। निर्माण एजेंसी सेतु निगम की टीम मेटेरियल के साथ पहुंचेगी और तय करेगी कि ओवरब्रिज निर्माण कहां से शुरु होना है। वहीं मेटेरियल पहुंचने को लेकर मंगलवार को यातायात पुलिस ने भारी वाहनों के रूट डायवर्जन को लेकर बैरियर लगाए हैं।

बता दें कि मंडी समिति रेलवे क्रासिंग 36बी पर पिछले पंद्रह साल से ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही थी। करीब एक वर्ष पहले माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी के प्रयास से शासन ने ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति भी दे दी और करीब नौ करोड़ की धनराशि दो किस्तों में संबन्धित खाते में जारी भी कर दी थी।

राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कुछ माह पहले शिलान्यास भी कर दिया था। लेकिन कुछ अटकलों के चलते निर्माण कार्य शुरु नहीं हो पा रहा था। रेलवे बड़ौदा हाउस के अलावा वन विभाग और बिजली विभाग से एनओसी मिल गई है। जिससे अब ओवरब्रिज का निर्माण शुरु होना है।

निर्माण के लिए जेसीबी आदि मशीने आ गई हैं। अन्य मेटेरियल के निर्माण स्थल पर पहुंचने के लिए मंगलवार को यातायात पुलिस ने भारी वाहनों का रूट डायवर्जन कर दिया है। सीओ तिराहा, संभल गेट तिराहा, धन्नूमल पेट्रोल पम्प तिराहा पर बैरियर लगा दिए हैं।

## ग्रामीण ने प्रधान पर लगाया रुपये मांगने का आरोप

**संभल,अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र के गांव गुलालपुर निवासी हरिओम ने मंगलवार को संभल विकासखंड अधिकारी प्रेमपाल सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि भैंसा व गोवंशीय पशु बुग्गी में जोड़ कर खेतों से पशुओं के लिए चारा व अन्य काम करने के लिए नहीं है। चार दिन पहले हरिओम विकासखंड के गांव शरीफपुर निवासी ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह के पास पहुंचा और गांव के पास स्थित अस्थाई गोशाला से भैंसा-बुग्गी से घरेलू काम के लिए गोवंशीय पशु की मांग की। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने गोवंशीय पशु देने के नाम पर हरिओम से पांच हजार रुपये की मांग की। हरिओम ने विकासखंड अधिकारी प्रेमपाल सिंह से गोशाला से गोवंशीय पशु दिलाने व ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**नीलामी सूचना**

किसान इण्टर कालिज असमोली (सम्भल) की कृषि योग्य भूमि पर खेती करने हेतु नीलामी एक वर्ष के लिए दिनांक 19/06/2024 को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपना प्रार्थना पत्र दिनांक 18/06/2024 तक सायं 3:00 बजे तक कार्यालय, किसान इण्टर कालिज असमोली (सम्भल) में जमा करें।

अध्यक्ष
किसान इण्टर कालिज
असमोली (सम्भल)

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम संजीव अग्रवाल से बदलकर संजीव कुमार पुत्र स्व. राजा राम गुप्ता, नि.- 40, जिला परिषद रोड सिविल लाइन्स, जिला रामपुर रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटुवचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

## संपादकीय

# विदेश नीति की चुनौतियां

भारत आज विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में से एक है। वैश्विक मंचों पर बढ़ रही भारत की स्वीकार्यता महाशक्ति कहलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अमेरिका के अलावा कई अन्य देश अब भारत को एक उभरती महाशक्ति के तौर पर देखने लगे हैं और भारत की नीतियों-रणनीतियों पर उनकी निगाहें लगी रहती हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों में काफी सुधार हुआ है, क्योंकि वह एक स्थिर शक्ति के रूप में भारत को देखता है। परंतु चीन और पाकिस्तान के साथ अस्थिर सीमा मुद्दों को लेकर तनाव रहता है। चीन दक्षिण एशिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हुआ दिख रहा है और भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया ने देखा है कि संकट के समय अगर एक देश ग्लोबल साउथ के साथ खड़ा रहा है तो वो भारत है। उन्हें लगता है कि भारत उनका मित्र है। जी 20 की अध्यक्षता के दौरान जिस तरह हमने अफ्रीकी संघ की सदस्यता के लिए कोशिश की, उससे दुनिया के देशों का विश्वास हम पर बढ़ा है। नई सरकार के शपथ के दिन से ही हमारी नेबरहुड फर्स्ट को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर हो गई।

भारत के पड़ोसी देश चीन के प्रभाव के चलते अपनी नीतियों को लेकर दुविधा में रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के नेताओं का आना अच्छा संकेत है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और चीन के साथ भारत के रिश्तों को लेकर कहा कि जहां तक पाकिस्तान और चीन का सवाल है, उन देशों के साथ संबंध अलग हैं और वहां की समस्याएं भी अलग हैं। नई सरकार के समय में पाकिस्तान के साथ हम वर्षों पुराने सीमापार आतंकवाद के मुद्दे का समाधान खोजना चाहेंगे। उन्होंने साफ किया कि किसी अच्छे पड़ोसी की नीति सीमा पर आतंकवाद नहीं हो सकती। वहीं चीन को लेकर उन्होंने कहा कि सीमा के बचे हुए मसले सुलझाने पर उनका फोकस होगा। वास्तव में वैश्वीकरण के इस युग में, भारत का राष्ट्रीय हित केवल अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और प्रभाव को बढ़ाने से हो सकता है। भारत के समक्ष विदेश नीति की चुनौतियों की जटिलता पूरी दुनिया की तरह चुनौतियों के समग्र प्रतिबिंब के फैलाव के रूप में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि भविष्य में भारत की भूमिका, एक संतुलन शक्ति के बजाय एक प्रमुख शक्ति के रूप में हो। वैश्विक पटल पर प्रासंगिक बने रहने के लिए भारत को चुनौतियों को समझ कर अपना रुख तय करना होगा। उम्मीद है कि संघर्ष और तनावों के बीच हम अपनी एक जगह बनाए रखने में कामयाब रहेंगे।

# मणिपुर में फिर क्यों सुलग उठी हिंसा की आग



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया।

जातीय हिंसा से दहलने के एक साल बाद फिर मणिपुर में हिंसा की आग सुलग उठी है। पिछले आठ महीनों में राज्य में बड़े पैमाने पर हिंसा नहीं हुई है। हालांकि मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष में लोगों की जान जाती रही है, जो मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के बार-बार किए गए दावों को झुठला रहा है कि संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में शांति धीरे-धीरे वापस आ रही है। संघर्ष से पैदा हुए जख्म बेशक गहरे हैं। 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

हजारों परिवार शरणार्थी शिविरों में तड़प रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ भीषण हिंसा की खबरें आ रही हैं। निगरानी समूह लगातार कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार की ओर से युद्धरत समुदायों के बीच सार्थक बातचीत शुरू करने की इच्छाशक्ति की कमी से बहुत नुकसान हुआ है। मणिपुर सरकार ने 8 जून को जिरिबाम में सुरक्षा दल भेजा, जो संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा उत्पात मचाने और जिले के सीमांत क्षेत्रों में कई घरों को आग लगाने के बाद जातीय हिंसा की नई लहर की चपेट में आ गया है। मणिपुर सरकार द्वारा जिले में अतिरिक्त बल भेजे जाने के बाद मणिपुर पुलिस कमांडो को हवाई मार्ग से जिरिबाम पहुंचाया जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमलावरों ने जिले के सीमांत क्षेत्रों में बस्तियों पर हमला करते हुए जिरिबाम जिला पुलिस की एक पुलिस चौकी, एक वन बीट कार्यालय और 75 से अधिक घरों को आग लगा दी। आगजनी से एक दिन पहले उग्रवादियों ने 65 वर्षीय एक व्यक्ति का सिर कलम कर दिया था जिसका 6 जून को अपहरण कर लिया गया था। इस क्रूर हत्या से गुस्साए जिले के निवासियों ने 6 जून की रात को जिले के बाहरी इलाके में एक खाली पड़े घर में आग लगा दी थी।

तनावपूर्ण स्थिति के बीच 7 जून की शाम से ही भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने जिले के बाहरी इलाके में स्थित मैतेई समुदाय के विभिन्न इलाकों में बम और बंदूक से हमला करना शुरू कर दिया और आधी रात के आसपास हमले तेज हो गए जिसमें मैतेई समुदाय के घरों को जला दिया गया। अभी तक हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अब तक उग्रवादियों ने जिले के बोरबेकरा उप-मंडल के अंतर्गत आने वाले

> मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं।

लमताई खुनौ, लौकोइपुंग और नयनपुर इलाकों में 70 से अधिक घरों को जला दिया है। घरों को जलाने से पहले उग्रवादियों ने रिहायशी इलाकों की ओर बंदूक और बम से कई राउंड फायरिंग की जिसके बाद निवासी भागकर अपनी जान बचाने के लिए पास के जंगल में छिप गए। निवासियों ने दावा किया कि इलाके में असम राइफल्स की मौजूदगी के बावजूद हमले किए गए और अर्धसैनिक बलों पर हमलावरों को रोकने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। इससे पहले बढ़ते तनाव को देखते हुए सीमांत और संवेदनशील इलाकों के कुछ इलाकों के 200 से अधिक निवासियों को पुलिस और सुरक्षा बलों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उन्होंने जिला मुख्यालय में खोले गए राहत शिविरों में शरण ली।

इस बीच जिरिबाम जिले के निवासियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिले का दौरा करने और कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने की मांग की। उन्होंने सरकार से जिला मुख्यालय में विभिन्न स्थानों पर शरण लेने वाले विस्थापित लोगों को राहत प्रदान करने की भी मांग की और जिले के डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर कहा कि लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले साल मई में पहली बार भड़के जातीय संघर्ष के एक साल से अधिक समय बाद भी इसे समाप्त करने में सरकार की अक्षमता असम की सीमा से लगे जिले में हिंसा के बढ़ने के पीछे है। इस बीच जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए कानून व्यवस्था नियंत्रित करने में जिला प्रशासन की सहायता के लिए इंफाल से अतिरिक्त सुरक्षा बलों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिले में भेजा गया है। 9 जून की सुबह कंगाल हेलीपैड से राज्य पुलिस कमांडो के लगभग 70 कर्मियों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिला मुख्यालय ले जाया गया। जिरिबाम जिले में हिंसा के अलावा हथियारबंद उग्रवादी कांगपोकपी जिले की पहाड़ी श्रृंखला से उतरे और इंफाल पश्चिम जिले के से कमाई में बस्तियों पर हमला करना जारी रखा।

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिरिबाम जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हर संभव कदम उठाने को कहा। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से नई दिल्ली में मुलाकात की, जहां दोनों डेरा डाले हुए थे। बैठक के दौरान राज्यपाल ने जिले में मौजूदा अस्थिर कानून और व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। दूसरी ओर निर्वाचित सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने जिरिबाम जिले में हिंसा में वृद्धि पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही हमें भावनाओं को भड़काना नहीं चाहिए, खासकर सोशल मीडिया साइटों पर। हमें रिपोर्ट करते समय या अपनी राय व्यक्त करते समय बचना चाहिए और जिम्मेदार होना चाहिए।

मणिपुर अखंडता समन्वय समिति ने राज्य में हिंसा की ताजा लहर की कड़ी निंदा की जिसने जिरिबाम को प्रभावित किया, जो अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण था, जहां सभी समुदाय- थाडू, हमार, पैते, काबुई, ज़ेलियानग्रोंग, मैतेई पंगल और मैतेई समुदाय सद्भाव के साथ सह-अस्तित्व में थे। समिति ने हिंसा की ताजा लहर के लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराया और राज्य के मूल लोगों की पीड़ा के लिए केंद्र की आलोचना की। समिति ने कहा-हाल ही में हुई हिंसा का कारण अप्रवासी कुकी समूहों द्वारा उग्रवादी रणनीति के माध्यम से अलग प्रशासन की अपनी मांगों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई भड़काऊ कार्रवाइयां हैं जिसके परिणामस्वरूप मैतेई पीड़ित का अपहरण और हत्या हुई है। समिति ने भारत सरकार की निष्क्रियता और असम राइफल्स द्वारा वास्तविक अपराधियों को पकड़ने में विफलता की आलोचना की, जिन्होंने इसके बजाय गुस्साई भीड़ पर गोलियां चलाईं जिससे स्थिति और बिगड़ गई। इसने कहा कि स्थानीय आबादी की तुलना में अप्रवासी समुदायों को तरजीह देना और आंतरिक व्यवस्था बनाए रखने के बजाय भारत-म्यांमार सीमा की ओर सुरक्षा संसाधनों का गलत आवंटन सरकार का दोषपूर्ण निर्णय है।

मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं। काउंसिल ने 6 जून को मुलरगांव के पास गुलरथोल, जिरिबाम के निवासी सोइबाम सरत कुमार की नृशंस हत्या और अज्ञात बदमाशों द्वारा जिरिबाम के वेंगनुआम डिबोंग खुनौ के निवासी एल थियानमुआंग के अपहरण की कड़ी निंदा की। यह देखा गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप 6 जून की रात को जिरिबाम में कुकी के कई घरों को जला दिया गया और उसके बाद बोरोबेक्रा के लांताई खुनौ में घटना हुई, जहां मैतेई के घरों को जला दिया गया और उन पर हमला किया गया। हाल ही में हुई ये सभी घटनाएं जिरिबाम के लंबे समय से चले आ रहे शांतिपूर्ण माहौल को नुकसान पहुंचाने का एक अस्वास्थ्यकर संकेत हैं। रोंगमेई नागा लोगों ने शांति बनाए रखने और दोनों समुदायों की ओर से किसी भी हिंसात्मक कार्रवाई की निंदा करने के अपने रुख को दोहराया, काउंसिल ने दोनों समुदायों से इस मुद्दे को और न बढ़ाने और जिरिबाम के नागरिकों के कल्याण के लिए समाधान निकालने की भी अपील की।

## प्रसंगवश

# आखिर कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा नैनीताल



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

गर्मी का मौसम शुरू हुआ नहीं की शहरी पर्यटकों की भीड़ नैनीताल, मसूरी, शिमला आदि पहाड़ी पर्यटन स्थलों की ओर उमड़ने लगती है। बात अगर उत्तराखंड के प्रसिद्ध हिल स्टेशन नैनीताल की करें तो ये पर्यटक इस बात को नहीं समझते की भूगर्भीय दृष्टि से भूकंपीय क्षेत्र में बसा नैनीताल एक संवेदनशील और कम फैलाव वाला नगर है।

पहले से ही कंक्रीट के जंगल में तब्दील नैनीताल की पहाड़ियां बहुत दबाव झेल रही हैं तथा और अधिक दबाव को सहने में असमर्थ है। मई-जून के महिनों में यह दबाव और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि पर्यटकों के वाहनों की रेलमपेल नैनीताल पहुंचने लगती है। हर कोई अपने निजी वाहन या प्राइवेट टैक्सियों से ही नैनीताल आना चाहता है। इस कारण जहां एक और कम चौड़ी सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या से अधिकांश समय जाम की स्थिति रहती है। हल्द्वानी से नैनीताल की दूरी लगभग चालीस किलोमीटर है। हल्द्वानी से आगे काठगोदाम तक तो सड़के फिर भी ठीक हैं, लेकिन उससे आगे सड़कों की चौड़ाई कम है। यहीं से जाम लगना शुरू हो जाता है। सड़क के दोनों और कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है।

वीकेंड में तो स्थिति और ज्यादा जटिल हो जाती है। रानीबाग से नैनीताल पहुंचने में लगभग एक घंटा लगता है, लेकिन लंबे जाम के कारण पर्यटकों को नैनीताल पहुंचने में तीन से चार घंटे तक लग जाते हैं। रोज लगने वाले इस जाम से सबसे ज्यादा परेशानी स्थानीय लोगों को होती है, जो अपने जरूरी काम से नैनीताल अथवा हल्द्वानी की ओर जा रहे होते हैं। उन्हें भी घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। अक्सर मरीजों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है, क्योंकि लोगों द्वारा अपने वाहन सड़क में आड़े तिरछे खड़े कर दिए जाने के कारण उसे आगे बढ़ने का रास्ता नहीं मिल पाता है। तल्लीताल से लेकर मल्लीताल तक चंद किलोमीटर के दायरे में फैला नैनीताल इतनी बड़ी संख्या में आते वाहनों के दबाव को सहने में सक्षम नहीं है। यहां पार्किंग की कमी है। मल्लीताल स्थित फ्लैट्स का मैदान और अन्य अस्थाई पार्किंग स्थल पूरी तरह से वाहनों से पैक हो जाते हैं। होटल पहाड़ियों को काटकर बनाए गए हैं। जाहिर है उनके पास पार्किंग की सुविधा नहीं है। यही कारण है कि कुछ पर्यटक अपने वाहनों को माल रोड पर ही खड़ा कर देते हैं। प्रदेश सरकार या स्थानीय प्रशासन नैनीताल में वाहनों की बढ़ती संख्या को सीमित करने और क्राउड को मैनेज करने की कोई स्थाई नीति अभी तक नहीं बना पाया है। जब नैनीताल की पार्किंग फुल हो जाती है तब मजबूरन पुलिस को पर्यटकों के वाहन नैनीताल से छह किलोमीटर पहले रोकने पड़ते हैं। इससे नैनीताल में वाहनों के बढ़ते दबाव और जाम की समस्या सुलझने वाली नहीं है।

पर्यटकों को यह समझना चाहिए कि फैलाव की कम गुंजाइश वाला यह हिल स्टेशन एक भूकंपीय क्षेत्र में बसा है जिसकी कमजोर पहाड़ियां पहले से ही बहुत दबाव सह रही है। यहां अक्सर होने वाले छोटे-छोटे भूस्खलन हमें खतरे का आभास देते रहते हैं, लेकिन हम है कि इसे समझने को तैयार नहीं है। अंग्रेजों ने इस खूबसूरत जगह की सुरक्षा और रखरखाव के लिए कई नियम-उपनियम बनाए थे, लेकिन आजादी के बाद हम लोगों ने जैसे सारे नियमों को ताक पर रख दिया है। उस दौर में माल रोड पर वाहनों का चलाना भी मना था। मकान बनाने के लिए भी कई नियमों का पालन करना पड़ता था, लेकिन आज जहां पहाड़ खोदना मना था, वहां हमने बड़े-बड़े होटल और भवन बना दिए हैं।

नैनीताल में पर्यटन से जुड़े कारोबारी भले ही पर्यटकों की बढ़ती भीड़ से खुश नजर आते हो, क्योंकि उनके लिए तो यह कमाई का अवसर है, लेकिन खुद नैनीताल के लिए यह एक अशुभ लक्षण है। नैनीताल की भी अपनी एक सीमा है। आखिर यह कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा? रोज हजारों की संख्या में पर्यटकों का आना और सैकड़ों वाहनों की आमद नैनीताल के पर्यावरण को किसी न किसी रूप में नुकसान ही पहुंचा रही है। अफसोसजनक बात यह है कि न तो पर्यटक इसे समझ पा रहे हैं और न

# महापुरुषों की मूरतों से छेड़खानी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है।

संसद भवन परिसर में बीते दशकों से स्थापित महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमाओं का स्थान बदलने से बवाल मचा हुआ है। अब इन्हें नए स्थानों पर ले जाया जाएगा, जिसे प्रेरणा स्थल कहा जाएगा। सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है। इन सबमें भाव और गति का कमाल का संगम देखने को मिलता है। इन सबको रुककर देखने का मन करता है।

बीते दशकों से इन्हें संसद भवन में आने वाले आगंतुक देखकर नमन कर रहे हैं। सबसे पहले महात्मा गांधी की संसद भवन में लगी आदमकद मूरत की बात करते हैं। इसे संसद सत्र के दौरान सारा देश बार-बार अपने टीवी सेटों पर देखता है। बापू इसमें ध्यान की अवस्था में हैं। इसके आगे विभिन्न दलों के नेता धरना दे रहे होते हैं या किसी मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए नारेबाजी कर रहे होते हैं। बापू की इस मूर्ति को महान मूर्तिशिल्पी राम सुतार ने बनाया था। उन्होंने ही सरदार पटेल की मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को तैयार किया है।

सुतार कंक्रीट, मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस और अन्य उपलब्ध संसाधनों से आकर्षक मूर्तियां तैयार करने में माहिर हैं। वे धुन के पक्के हैं, कभी थकते नहीं हैं। मौसम के असर से बेखबर यह अनोखा कलाकार अपने शिल्पों में इतना डूबा रहता कि दिन और रात के भेद को भूल जाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी उनके अनन्य प्रशंसकों में थे। उन्होंने देश-विदेश में सैकड़ों आदमकद और धड़ प्रतिमाएं बनाई थीं, पर सुतार जी मानते हैं कि उनकी सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक संसद में लगी गांधीजी की प्रतिमा भी है। संसद भवन में स्थापित बापू की मूरत के पास खड़े होकर सच में आप भी अपने को बहुत बेहतर पाते हैं। एक तरह का सुकून मिलता है। कभी-कभी तो लगता है कि बापू आपसे कोई सवाल करेंगे। जाहिर है, संसद भवन से इस नई जगह पर लेकर जाने से बहुत सारे लोग निराश हैं।

बापू की पहली मूरतः इस बीच महात्मा गांधी की शहादत के बाद सरकार ने मुंबई के 28 साल के मूर्तिशिल्पी सदाशिवराव साठे को राष्ट्रपिता की एक आदमकद प्रतिमा को बनाने का जिम्मा सौंपा। इस मूरत को राजधानी के चांदनी चौक स्थित टाउन हॉल के बाहर स्थपित किया जाना था। साठे ने तब तक कोई बहुत उल्लेखनीय काम नहीं किया था। हां, वे संभावनाओं से लबरेज युवा मूर्तिकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में लगे थे। उन्होंने इतने खास दायित्व को चुनौती के रूप में लिया और गांधीजी की अप्रतिम मूरत की रचना करके अपनी रचनाधर्मिता को साबित कर दिया। यह प्रतिमा 1952 में स्थापित हुई थी। गांधीजी की देश या कहें राजधानी में लगी संभवतः यह पहली आदमकद प्रतिमा है।

बाबा साहेब की मूरत कब सेः बाबा साहेब की संसद भवन परिसर में प्रतिमा 2 अप्रैल 1967 को स्थापित हुई थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्नन ने उसका अनावरण किया था। इस प्रतिमा को तैयार किया था महान मूर्तिशिल्पी बी.वी. वाघ ने। इस बीच बाबा साहेब का संसद भवन के सेंट्रल हॉल में लगा चित्र सुश्री जेबा अमरोही ने बनाया था। इसका अनावरण देश के प्रधानमंत्री के रूप में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 12 अप्रैल 1990 को किया था। इसे भी इसे नई जगह पर स्थापित किया जा रहा है। ये सही नहीं है। छत्रपति महाराज 2003 सेः छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरत को भी राम सुतार न ही बनाया था। छत्रपति शिवाजी महाराज की यह मूरत 28 अप्रैल 2003 को संसद भवन में स्थापित हुई थी। यह 18 फीट ऊंची तांबे की मूर्ति है। इसका जिस दिन अनावरण हुआ उस दिन लगभग सारे महाराष्ट्र के सांसद मौजूद थे।

इस बीच राजधानी में कनॉट प्लेस से जो सड़क मिन्टो रोड की तरफ जाती है, वहां पर ही छत्रपति शिवाजी महाराज की सन् 1972 में आदमकद प्रतिमा की स्थापना करके दिल्ली ने भारत के वीर सपूत के प्रति अपने गहरे सम्मान के भाव को प्रदर्शित किया था। इस मूर्ति को भी सदाशिवराव साठे जी ने तैयार किया था। बहरहाल जिन ज्ञानियों ने गांधी जी, बाबा साहेब और छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरतों का संसद भवन में स्थान बदला है, उन्हें अपने फैसले को अंजाम देने से पहले सोचना चाहिए था।

## सोशल फोरम

# मित्रता



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

सलीम और श्याम बचपन के दो गहरे मित्र थे। स्कूल और कॉलेज में भी साथ-साथ पढ़े। संयोग से दोनों साथ-साथ सेना में भी शामिल हुए। इसी बीच लड़ाई छिड़ गई और संयोग से दोनों एक ही यूनिट से जंग में भी शामिल हुए। एक रात दुश्मन ने उनकी यूनिट पर हमला कर दिया।

चारों तरफ गोलियां चल रही थी और बम के धमाके लगातार हो रहे थे। अचानक श्याम को एक कराहती सी आवाज़ सुनाई दी-श्याम मेरी मदद करो। श्याम अपने बचपन के मित्र सलीम की आवाज तत्काल पहचान गया। वो समझ गया कि मित्र संकट में है। उसने अपने कप्तान से उसे बचाने जाने की परमिशन मांगी। कप्तान ने कहा-देखो उसकी आवाज से नहीं लगता है कि वो बचेगा और वैसे भी मेरे पास जवान कम हैं। मैं उनकी जान जोखिम में नहीं डाल सकता। थोड़ी देर बाद फिर सलीम की दर्द से भरी पुकार सुनाई दी। श्याम चुप चाप बैठा रहा। क्योंकि उसके कप्तान ने उसे जाने से मना किया था। अंधकार में फिर वही दर्द से भरी कातर आवाज श्याम के कानों में पड़ी। अबकी बार उससे रहा नहीं गया। उसने अपने कप्तान से कहा - सलीम मेरा बचपन का दोस्त है। आज वो मुश्किल में है तो उसे जाना ही होगा। आखिर कप्तान ने बेमन से उसे जाने की आज्ञा दी।

श्याम कुंहनियों के बल रेंगते हुए बंकर से निकला और अंधकार में गुम हो गया। थोड़ी देर बाद वो किसी तरह घसीटते हुए अपने घायल मित्र को लेकर बंकर में दाखिल हुआ। उन्होंने पाया कि सलीम मर चुका है। अब कप्तान बहुत नाराज हो गया और बोला - मैंने पहले ही कहा था वो नहीं बचेगा। उसके लिए तुमने अपनी जान भी खतरे में डाली। ये तुम्हारा एक गलत निर्णय था।

श्याम- नहीं सर मेरा निर्णय गलत नहीं था, क्योंकि जब मैं सलीम के पास पहुंचा तो वो ज़िंदा था। मुझे देखकर उसने कहा- मुझे पूरा यकीन था मित्र कि तुम मुझे बचाने जरूर आओगे और यही शायद उसके आखरी शब्द थे।

**-फेसबुक वॉल से**

# यूरोप में दक्षिणपंथ की बढ़त के मायने



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यूरोपीय संघ के संसदीय चुनावों में यूरोप के तीन सबसे बड़े देशों जर्मनी, फ्रांस और इटली में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर देखने को मिली है। 27 देशों के ब्लॉक का यह चुनाव भारत के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव माना जाता है। हर पांच साल में होने वाले चुनाव में मतदाता बैलेट पेपर से वोट करते हैं। 1979 में पहली बार चुनाव हुए थे। इस लिहाज से यह 10 वां संसदीय चुनाव और ब्रेक्सिट के बाद पहला संसदीय चुनाव था। यूरोपीय संसद, यूरोपीय लोगों और यूरोपीय संघ की संस्थाओं के बीच संपर्क स्थापित करने की सीधी कड़ी है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अगले पांच साल तक यूरोप के 27 देश के संघ में बनने वाली नीतियां दक्षिणपंथ से प्रभावित रहेंगी। लगभग 25 साल पहले ऑस्ट्रिया में जब दक्षिणपंथी दल जीतकर आया, तो पूरा यूरोप नाराज हो उठा था, पर अब हालात दूसरे हैं।

20 वीं सदी में नाजियों और फासीवादी इटली के खिलाफ यूरोप के विनाशकारी युद्ध के समय से ही ये धारणा रही है कि धुर दक्षिणपंथ को कभी वोट नहीं देना चाहिए। मुख्य धारा की पार्टियां भी धुर दक्षिणपंथी पार्टियों से गठबंधन करने के पक्ष में नहीं रहती थीं, लेकिन अब इस पीढ़ी के लोगों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या लाखों लाख यूरोपीय वोटर वाकई में धुर दक्षिणपंथ की ओर रुख कर हैं? या यह सिर्फ विरोध में पड़ने वाले वोट हैं? या ये शहरी उदारवादी वोटरों और बाकी रुढ़िवादी वोटरों के बीच हो रहा ध्रुवीकरण है? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यूरोपियन संसद ने अपनी अप्रवासन नीति में बदलाव के लिए वोट किया है ताकि प्रवासियों और शरण मांगने वालों के लिए सदस्य देशों के बीच जिम्मेदारी को अधिक समान रूप से विभाजित किया जा सके। स्पष्ट रूप से ईयू के प्रमुख दलों ने अप्रवासी-विरोधी, लोकलुभावन दक्षिणपंथी पार्टियों के कदमों की आहट सुनी है। स्थापित पार्टियों के लिए अप्रवासन पर सख्त रुख अपनाकर मतदाताओं को फिर से अपने पाले में करने का विचार आकर्षक है, लेकिन आमतौर पर यह माना जाता है कि धुर दक्षिणपंथी पार्टियों की चुनावी सफलता शरण मांगने वाले नए लोगों के खिलाफ प्रतिक्रिया के कारण होती है। कई लोगों के लिए उत्प्रवास अंतिम उपाय विकल्प है, जो दुनियाभर में इसी प्रवृत्ति को दर्शाता है। जैसे-जैसे देश औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में परिवर्तित हो रहे हैं, युवा पीढ़ी बेहतर शिक्षा और करियर के अवसरों की तलाश में ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों को छोड़कर बड़े महानगरीय क्षेत्रों की ओर पलायन कर रही है। यह दृश्य विशेषकर स्पेन में देखा जा सकता है, जहां पिछले 50 वर्षों में 28 प्रतिशत ग्रामीण अपने गांवों को छोड़कर चले गए हैं। यह हालात इटली में देखे गए। इटली ने हाल में घोषणा की है कि वह ऐसे लोगों को भुगतान करेगा, जो खाली हो रहे गांवों में लौटकर आएंगे।

अमेरिका के शहरों में भी कम बच्चों को जन्म देने और बाहरी प्रवासन के कारण जनसंख्या में काफी कमी देखी जा रही है। बहुत से लोग जनसंख्या पलायन के आर्थिक प्रभावों से अवगत हैं, लेकिन मतदाताओं पर इसके प्रभाव का बहुत कम अध्ययन किया गया है। हाल के वर्षों के दौरान स्वीडिश सरकारों ने वंचित और दूरदराज के स्थानों में किराने की दुकानों जैसी स्थानीय वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने के लिए एक राष्ट्रीय सहायता प्रणाली शुरू किया है। 2021 में स्पेन ने ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जी टेलीफोन कनेक्टिविटी और तकनीकी सुविधा के लिए 11.9 बिलियन डॉलर वाली एक परियोजना की घोषणा की है। चूंकि अब यूरोप में दक्षिणपंथ की लहर है और इटली के हाथों में यूरोप की कमान होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के ओलाफ शॉल्त्स के कमजोर होने के बाद जॉर्जिया मेलोनी यूरोप की सबसे मजबूत राजनीतिज्ञ बनकर उभरी हैं। आस्ट्रिया और बेल्जियम, नीदरलैंड और हंगरी जैसे कई अन्य यूरोपीय देशों में भी दक्षिणपंथी पार्टियों ने बड़ी जीत हासिल की है। फ्रांस में मध्यावधि चुनावों की घोषणा कर दी गई है तो बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने इस्तीफा दे दिया है। इन चुनावों के बाद इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को यूरोप के किंगमेकर की तरह देखा जा रहा है। मेलोनी को भारत और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मित्र माना जाता है। भारत के लिए कूटनीतिक तौर पर यह लाभदायक स्थिति है। साथ में एक बड़ा सवाल यह भी है कि जब हम पार्टियों को 'धुर दक्षिणपंथी' कहते हैं तो इससे हमारा क्या आशय होता है?

# नहीं जीता जा सकेगा संप्रदायवाद



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संप्रदायवाद को जातिवाद से नहीं जीता जा सकेगा। इस बात को जितनी जल्दी समझ लिया जाए, उतना ही देश की जनता के लिए और लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा। सच्चाई यह भी है कि यदि जाति और मजहब के औजार से जनता की एकता को न तोड़ा गया होता तो देश को यह दुर्भाग्य न देखना पड़ता, लेकिन बहुत से कथित सेक्युलर लोग आज भी जातिवादी सोच के गर्त से निकल ही नहीं पा रहे हैं। शायद उनका अपना हित जाति के खूंटे से बंधा हुआ है। जाति-पंथ तो स्वतंत्रता आंदोलन के जमाने में भी थे, किंतु उस जमाने के जननेताओं का व्यक्तित्व था।

व्यापक-दृष्टिकोण वाला नेतृत्व था कि वे सारे भेद-विभेद समरसता के भाव के आगे दब गए थे। राष्ट्र और राष्ट्रीय-एकता के आगे नतमस्तक हो गए थे। उनका ध्येय देश था, समष्टि। ऐसा न होता तो स्वतंत्रता संग्राम इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति उस नेतृत्व के सामने बार-बार हार जाती थी। आज की तो राजनीति ही यह है कि मजहब और जाति के भेद-विभेदों को जितना उभार सको, उभारो। लोगों के बीच वैमनस्य का भाव जगाओ, लेकिन जो लोग पुराने पैंतरे से आज की सत्ता से लड़ना चाहते हैं, वे सामने वाले को समझ नहीं पा रहे।

## एक नजर

### घर में घुसकर व्यक्ति को लाठी-डंडों से पीटा, घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मछली बाजार निवासी सफदर अली ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें उसने बताया कि मोहल्ले के ही कुछ लोग उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। उन लोगों ने घर के बाहर आकर गाली गलौज देना की। उसने विरोध किया तो आरोपी आग बबूला हो गए। लाठी डंडे लेकर पीटकर उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सफदर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपीयो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उसने आरोपियों से जान का खतरा बताया है।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आशापुर कॉलोनी निवासी शिवशंकर आबकारी अधिनियम धारा 60 के तहत वारंटी है। मंगलवार को पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर लिया।

### मुख्तियारपुर नवादा में नहर का पानी कई स्थानों पर रोका, कांठ, रसूलपुर, खलीलपुर और सदरपुर के किसान चिंतित, पानी छोड़ने की मांग

# नहर में पानी नहीं आने से सूखने की कगार पर हजारों एकड़ गन्ने की फसल

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** रजवाहा नहर में पानी नहीं आने से कांठ तहसील क्षेत्र में हजारों एकड़ भूमि पर गन्ने की फसल सूखने लगी है। इससे किसान चिंतित हैं। नगर के किसानों ने नहर विभाग के एसडीओ, जेई व अन्य कर्मचारियों से गांव मुख्तियारपुर नवादा के पास लगी रोक को खोलने की मांग की है।

किसानों ने बताया कि नहर में टेल तक पानी न आने से कांठ, रसूलपुर, खलीलपुर व सदरपुर समेत अन्य क्षेत्रों में फसलों के लिए पानी का संकट हो गया है। गांव मुख्तियारपुर नवादा में कई स्थानों पर रोक लगी हुई है। इसके कारण आगे पानी नहीं जा रहा है। इसके संदर्भ में कांठ नगर निवासी रणजीत सिंह व ओमकार सिंह ने एसडीओ, नहर विभाग के अन्य अधिकारियों से शिकायत की।

लेकिन कोई भी निष्कर्ष नहीं निकला। किसानों का कहना है कि इस समय काफी भीषण गर्मी पड़ रही है। इससे गन्ने की फसल सूखने की कगार पर है।

यदि समय से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो पूरे वर्ष की मेहनत बेकार हो जाएगी। थोड़ा पानी आने से अधिकांश किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता है।

इससे काफी किसान परेशान हैं। किसानों ने नहर में टेल तक शीघ्र पानी छोड़ने की मांग की है। किसानों का यह भी कहना है कि यदि टेल तक पानी नहीं छोड़ा गया तो उप जिलाधिकारी कांठ को ज्ञापन दिया जाएगा।



नहर में किसानों द्वारा रोका गया पानी। ● अमृत विचार



बैठक में मौजूद सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह व अन्य।

## डैम से 27 नहरों में हो रही पानी की आपूर्ति

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नलकूप कॉलोनी में मंगलवार को सिंचाई खंड की मासिक बैठक में पूर्व में किए कार्यों की समीक्षा की गई।

तहसील क्षेत्र के गांव मुख्तियारपुर नवादा निवासी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह विश्नोई की अध्यक्षता में सिंचाई खंड की मासिक बैठक नलकूप कॉलोनी में हुई। इसमें उन्होंने कहा कि खतापुर और छजलैट नहर की दीवार व पुल की मरम्मत पूर्ण हो गई है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश की संयुक्त चारों नहरों में पानी की आपूर्ति सुचारू हो गई है। तुमरिया डैम की 47 नहरों में से 27 नहरों में पानी की आपूर्ति की जा रही है और शेष नहरें भी शीघ्र संचालित होंगी। यहां 44 तालाब पानी से भरे जाने थे, इनमें से 25 भर गए हैं। शेष भी शीघ्र भर जाएंगे। बताया कि 528 नलकूपों से किसानों को निशुल्क पानी दिया जा रहा है। छह नलकूप विद्युत कमी एवं आठ नलकूप यांत्रिक समस्या के कारण बंद हैं, जिन्हें चार दिनों के अंदर ही ठीक करा कर सिंचाई प्रारंभ करा जी जाएगी। इस दौरान अधिशासी अभियंता नीरज कुमार, अधिशासी अभियंता नलकूप प्रथम कुमारी पूजा, अफजलगढ़ उप सिंचाई खंड से मलखान सिंह, एसडीओ सिंचाई योगेश चंद, कृषि विभाग से विजयपाल सिंह, अनुराग मित्तल, राकेश कुमार, अंकुर आदि रहे।

# आम के बाग में मिला मुरादाबाद के व्यापारी का शव, हत्या की आशंका

### मझोली की घटना, फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए

संवाददाता, कुंदरकी

**घटना**

- मृतक के मुंह पर मिला सफेद पाउडर, स्कूटी भी पास में ही मिली
- सास ने दामाद के दो पार्टनरों पर लगाया घटना का आरोप

**अमृत विचार :** कुंदरकी-डींगरपुर मार्ग स्थित गांव मझोली के सामने निजी विश्वविद्यालय मालिक के आम के बाग में सोमवार देर रात मुरादाबाद के व्यापारी का शव मिला। पास में ही उनकी स्कूटी खड़ी मिली। परिजनों ने व्यापारी के दो पार्टनरों पर हत्या की आशंका जताई है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के अनुसार, मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र में लाइन पार निवासी अनूप गुप्ता (36) पुत्र सुरेश चंद्र गुप्ता का परिवार रहता है। अनूप गुप्ता गैस के चूल्हों के थोक व्यापारी थे। मंगलवार दोपहर को वह माल पहुंचाने और दुकानदारों से रुपये लेने के लिए कुंदरकी आए थे। बताया कि उन्होंने नगर के किसी दुकानदार से तीन हजार रुपये लिए और इसके बाद अपने पार्टनर के मोबाइल नंबर पर संदेश भेजा। इसमें बताया कि वह डींगरपुर जा रहे हैं। इसके कुछ देर बाद अनूप गुप्ता का मोबाइल नंबर बंद आने लगा। परिजनों का उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ तो वे लोग परेशान हो गए। वे रात में ही कुंदरकी थाने आ गए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। रात डेढ़ बजे उन्होंने पुलिस के साथ उन्हें तलाश किया तो गांव मझोली के सामने आम के बाग के बाहर उनकी स्कूटी खड़ी दिखाई दी। पुलिस ने बाग के आसपास तलाश किया तो बाग में कुछ अंदर जाकर उनका शव पड़ा मिला। आम का बाग पाकबड़ा स्थित निजी विश्वविद्यालय के मालिक का बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि उनके मुंह पर पाउडर जैसा पदार्थ पड़ा था। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जहरीले पदार्थ से उनकी मौत हुई है। घटनास्थल पर मिले सबूतों से प्रतीत हो रहा है कि मौत से पहले व्यापारी ने काफी संघर्ष किया। उनके कपड़ों पर मिट्टी लगी हुई थी। इससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

उधर, मृतक की सास सुमन रानी गुप्ता पत्नी रामावतार गुप्ता निवासी हातिम सराय संभल ने थाने में तहरीर दी। बताया कि उनके दामाद के दो पार्टनरों पर लाखों रुपये बकाया हैं और गोदाम में उनका सामान भरा हुआ है। इससे परिजनों व रिश्तेदारों ने इन लोगों पर शक जताया है। सास ने तहरीर में बताया कि उनके पार्टनरों ने ही घटना को अंजाम दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षण संजय कुमार पांचाल ने बताया कि परिजनों की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। बाग में व्यापारी का शव मिला था। उनका बिसरा सुरक्षित रखा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## अरब में ठाकुरद्वारा के व्यक्ति की हार्टअटैक से गई जान, कोहराम

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सउदी अरब में नौकरी करने गए नगर निवासी व्यक्ति की हार्टअटैक से मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।



नगर के मोहल्ला अंसारियां वार्ड-23 निवासी फखरुद्दीन उर्फ नन्हे (40) काफी समय से सऊदी अरब में एक कंपनी में काम करता थे। ड्यूटी के दौरान उनके सीने में तेज दर्द उठा और हार्टअटैक आने से उनकी मौत हो गई। मंगलवार को उसकी मौत की खबर उनके परिजनों को मिली तो पत्नी अंजुम व दो बेटों अबुजर और हमजा सहित उसके भाई नाजिर, हाजी रियासत, रईस व शाने आलम का रोते बिलखते बुरा हाल हो गया। बताया कि फखरुद्दीन छुट्टियां बिताने के बाद 24 जनवरी 2023 को सऊदी गए थे। फिलहाल परिजनों में विचार विमर्श चल रहा है कि उनका दफन अपने वतन में लाकर नगर में किया जाए या फिर सउदी अरब में ही दफनाने की इजाजत दे दी जाए।



बैठक में मौजूद अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

## सूची बनाकर छूटे बच्चों का कराएं टीकाकरण : एसडीएम

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में टीटीएफ की बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में हुई। इसमें बताया कि कांठ व ऊमरी कलां में नियमित टीकाकरण के लिए मेगा प्लान तैयार कर 163 बच्चों का टीकाकरण कराया गया।

चिकित्सकों ने बताया कि कांठ में कुल 501 बीएबी परिवार हैं। इनमें से 321 जून तक बचे हुए हैं। 58 बच्चों का टीकाकरण हो चुका है। शेष बच्चों का टीकाकरण करने के लिए ग्राम प्रधान, राशन डीलर एवं स्थानीय चिकित्सक से कहा गया है। कवरेज बढ़ाने के लिए विशेष रूप से ऊमरी कलां, ऊमरी चौराहा, खजूर, सलावा, चौहरा आदि में स्पेशल प्लान बनाया जाना आवश्यक है। इसमें सभी स्वास्थ्य कर्मियों को टीकाकरण में लगाया जाएगा। ऊमरी कलां और कांठ क्षेत्र में जो बच्चे एक वर्ष के पूर्ण हो गए हैं, एसडीएम ने ऐसे सभी बच्चों की सूची बनाकर टीकाकरण करने के निर्देश स्वास्थ्य कर्मियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी निगार अंजुम, पशु चिकित्सा अधिकारी, ईओ श्वेतांक सारस्वत, यूनिसेफ की बीएमसी रेखा पटेल आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### शीशम का पेड़ काटने की शिकायत पर गाली गलौज

**छजलैट, अमृत विचार :** सरकारी भूमि पर लगा शीशम का पेड़ काटने को लेकर गांव के ही व्यक्ति से गाली गलौज होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गांव मधुआ खालसा निवासी प्रेमचंद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में गाटा संख्या 152 पर पौधरोपण का पट्टा है। इस पर काफी समय पुराना एक शीशम का पेड़ था। गांव का ही व्यक्ति शीशम के पेड़ को काटकर ले गया। पीड़ित को पता चला तो आरोपी से जाकर इस मामले की शिकायत की। उन्होंने पीड़ित के साथ गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



कटी हुई पेड़ की लकड़ी।

### 15 जून को कांग्रेसी निकालेंगे धन्यवाद पदयात्रा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के बाजार गंज में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें 15 जून को नगर में निकालने वाली धन्यवाद पदयात्रा की रणनीति तैयार की गई। नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्य 15 जून को नगर में धन्यवाद पदयात्रा निकलेंगे। इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैठक में यात्रा की रूपरेखा तैयार की। यह यात्रा 15 जून की शाम 5 :30 बजे कदीर तिहारे की पुलिया से प्रारंभ होगी। शनि बाजार, सब्जी बाजार, पुराना स्टेट बैंक चौराहा, राजीव मार्केट, कुरेशियां, पुरानी अनाज मंडी, शगुन चौराहा, आर्य समाज मंदिर, बुध बाजार, कोतवाली से बस स्टैंड, सरकारी अस्पताल रोड, बाबू रामपाल सिंह मूर्ति के पीछे पार्क में यह यात्रा संपन्न होगी। पार्टी नेताओं से अनुरोध किया कि धन्यवाद यात्रा में जिला एवं प्रांत के नेताओं के साथ नवनिर्वाचित सांसद रुचि वीरा की मौजूदगी की मांग की है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अबरार सैफी, नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी, संजीव सिंघल, हाजी याकूब कुरैशी, पंकज कुमार, राजकुमार, मोहम्मद फुरकान, लियाकत अली, जिला सचिव मुस्तकीम अंसारी, शरीफ आजाद , चौधरी सैफुल्लाह, यासीन कुरेशी, शोएब अख्तर आदि मौजूद रहै।

### छात्रों से शुल्क वसूली की मुख्यमंत्री से की शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला कालेवाला में पिछले तीन वर्षों से जूनियर कक्षाओं में प्रति छात्र प्रति वर्ष 300 रुपये वसूले जाने की शिकायत पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर शिकायतकर्ता डालेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। उसमें कहा कि विद्यालय कक्षा-10 तक ऐडेड है। शिकायत की जांच के बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद ने जिला विद्यालय निरीक्षक को छात्रों से वसूला गया शुल्क समायोजित करवाने और विद्यालय छोड़कर जाने वाले बच्चों का शुल्क वापस करने के निर्देश दिए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय को शुल्क समायोजित करने व वापस करने का आदेश पारित किया, लेकिन विद्यालय के प्रधानाचार्य ने ग्रीष्म कालीन अवकाश शुरू होने तक छात्र-छात्राओं को शुल्क वापसी के बारे में कोई सूचना नहीं दी। संयुक्त शिक्षक निदेशशक द्वादश मंडल तथा जिला विद्यालय निरीक्षक में से कोई भी अधिकारी प्रबंध समिति प्रधानाचार्य और वसूली करने वाले शिक्षाक व लिपिक के विरुद्ध कोई भी उचित कार्यवाही करने को तैयार नहीं है। मांग की गई कि विद्यालय में अवैध शुल्क वसूली करवाने वाली भ्रष्ट प्रबंध समिति को मंडलीय समिति द्वारा भंग कर विद्यालय पर नियंत्रक बैठाया जाए।

### आतंकी हमले के विरोध में आज निकलेगा जुलूस

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जम्मू और कश्मीर में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहे तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ता बुधवार को जुलूस निकालेंगे। साथ ही आतंकवाद का पुतला जलाएंगे। इससे पहले राष्टपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देंगे। बजरंग दल के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, पंकज कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे 50-60 कार्यकर्ता सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज में एकत्र होंगे। नारेबाजी कर तहसील में एसडीएम कार्यालय पहुंचेंगे। यहां आतंकवाद का पुतला जलाकर राष्टपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपेंगे।

### मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**छजलैट, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हरकिशनपुरा में रास्ता बनवाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। हरकिशनपुरा में रास्ता बनवाने को लेकर नरेना, दौलत, रतन, विनोद ने ईंट मार कर रतनलाल सिंह को जख्मी कर दिया। आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी।



गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में शबद कीर्तन करते ज्ञानी यशपाल सिंह। ● अमृत विचार

## गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर के गुरुद्वारा सिंह सभा में सिख समुदाय के पांचवें गुरु अर्जुन देव सिंह के शहीदी दिवस पर दो से 10 जून तक सुखमणि साहिब पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर छबील लगाकर रहागीरों को शर्बत पिलाया।

नगर के मोहल्ला बाजार स्थित गुरुद्वारा में मंगलवार को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव सिंह का शहीदी दिवस मनाया। सिख समुदाय के लोगों ने छबील लगाकर रहागीरों को शर्बत पिलाया। मंगलवार को समापन पर शब्द, कीर्तन, अरदास, लंगर के साथ गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस मनाया। गुरुद्वारे के ज्ञानी यशपाल सिंह ने गुरु अर्जुन देव के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। गुरुद्वारे में मनजीत सिंह खुराना, गुरजीत कौर, साजन खुराना ,मगन, कबीर, तिलक राज, चादंना महामंत्री पंजाबी महासभा बिलारी, सरदार सुरजीत सिंह, सरदार निर्मल सिंह, सरदार सुरजीत सिंह, मोहिनी ग्रोवर, जसवीर कौर, मनी चुग आदि शामिल रहे।

## विवादित जमीन पर निर्माणाधीन दीवार को तोड़ा गया

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर में एक विवादित जमीन पर हो रहे निर्माण को पीडब्ल्यूडी, तहसील प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में तोड़वा दिया। इस दौरान नगर पंचायत के लोग भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी द्वारा गठित की गई टीम ने यह कार्रवाई की।

नगर में रेलवे स्टेशन के सामुदायिक शौचालय के पास सड़क किनारे जमीन है। इस पर पीडब्ल्यूडी अपना दावा करता है और नगर निवासी एक व्यक्ति उसे अपनी जमीन बताते हुए उस पर निर्माण कर रहा था। बताया कि सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने जमीन की पैमाइश की थी। मंगलवार को जेसीबी से दीवार को तोड़वा दिया गया।

ईओ अरविंद कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने यह कार्रवाई की है।

## डीआईजी ने चौकीदारों को किया सम्मानित

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली में मंगलवार को डीआईजी मुनिराज जी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चौकीदारों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

कोतवाली में डीआईजी के आने से पहले मंगलवार सुबह सफाई व्यवस्था की गई। कोतवाली प्रांगण में टेंट लगाए गए और दीवारों पर रंग रोगन किया गया। दोपहर 4:30 बजे डीआईजी मुनिराज जी कोतवाली पहुंचे। यहां उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक संदीप मीणा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश यादव मौजूद रहे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे एवं कंप्यूटर कक्ष, साइबर सेल, महिला हेल्प डेस्क लाइन, शस्त्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मचारियों से शस्त्रों को लोड करना एवं आपातकाल स्थिति में शास्त्रों को कैसे चलाया जाता है, इस संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वहां मौजूद चौकीदारों को उपहार भेंट किए।

अच्छे कार्य और सूचना देने के लिए कुछ चौकीदारों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह, अपराध शाखा प्रभारी राजेश कुमार यादव, सीओ और कोतवाली का स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने बताया कि कोतवाली में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। सीसीटीवी कैमरे, साइबर सेल, कंप्यूटर कक्ष और शस्त्रों को अच्छी तरीके से रखा गया है। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। इसके लिए उन्होंने कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह को बधाई दी।



चौकीदारों से बात करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

**समस्या** लोहे जाल हो गए चोरी, मैनहोल में गिरकर लोग हो रहे चोटिल

# खुले मैनहोल दे रहे हादसे को न्योता

संवाददाता, कांठ

- रामलीला मार्ग पर खुले मैनहोलों को बंद कराने की मांग उठाई

**अमृत विचार:** नगर में रामलीला मार्ग पर दोनों ओर नालों के खुले मैनहोल हादसों को न्योता दे रहे हैं। इन पर नगर पंचायत प्रशासन की ओर से लगाए गए लोहे के जाल चोरी हो गए हैं। खुले मैनहोलों में रात में गिरकर बाइक सवार व अन्य लोग घायल हो रहे हैं।

काफी समय पहले नगर पंचायत प्रशासन की ओर से नगर में पेट्रोल पंप तिराहा से प्राथमिक विद्यालय माननगर तक सड़क और नालों का निर्माण कराया गया था। जिस समय यह कार्य हुआ था, उस समय दोनों ओर के नालों को बंद कराकर बीच में मैनहोल खुलवाए गए थे ताकि नालों की सफाई ठीक से हो सके। इन मैनहोलों को लोहे के जाल से ढक दिया गया था। लेकिन दोनों ओर के नालों के ऊपर से लोहे के जाल चोरी हो गए। जाल चोरी करने में नशा करने वालों पर आरोप लग चुका है। पुलिस इन्हें कई बार जेल भेज चुकी है। जाल चोरी होने के बाद अब तक नालों के मैनहोल खुले हैं। इनसे बड़ा हादसा हो सकता है। कई लोग इन मैनहोलों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

नगर निवासी मास्टर आनंद कुमार, आशीष कुमार, भूपेंद्र चौहान उर्फ टिल्लू, धर्मपाल सिंह चौहान, विपेन्द्र राणा, सचिन कुमार उर्फ बंटी, सीटू चौहान, सचिन कुमार, भूपेंद्र कुमार, राजेंद्र चौहान, मुनीश चौहान समेत अन्य लोगों ने खुले मैनहोलों को बंद कराने की मांग की है।



नाले का खुला मैनहोल। ● अमृत विचार

## गर्मी से लोग बेहाल, बिजली न मिलने से बढ़ रही दिक्कत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** जून के दूसरे सप्ताह में भीषण गर्मी के बीच उमस से लोग बेहाल हैं। घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इस बीच बिजली की ट्रिपिंग लोगों की परेशानी बढ़ा रही है।

मंगलवार सुबह सूर्यदेव के तल्ख तेवर के साथ तेज धूप और तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया। उमस भरी गर्मी के बीच घरों में पंखे, कूलर बेअसर रहे। इस बीच बिजली की ट्रिपिंग से लोगों की समस्या बढ़ गई। तेज धूप में घरों से बाहर निकलने के लिए लोगों को सोचने के लिए मजबूर होना पड़ा। भीषण गर्मी में लोग पसीने से तरबतर रहे। लोग सिर पर कपड़ा रखकर गुजरते नजर आए। रात्रि में बिजली गायब होने से लोगों की नींद में खलल पड़ रहा है। विद्युत निगम के एसडीओ उमाशंकर सक्सेना का कहना है कि गर्मी के चलते ट्रांसफॉर्मर पर अधिक लोड है। इससे फाल्ट बढ़ रहे हैं। इसके कारण लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।



धूप से बचने के लिए सिर पर कपड़ा रखकर जाते युवक। ● अमृत विचार

## शुकदेव की कथा सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज में पोखरा तलाब स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथावाचक पंडित बलराम कृष्ण शास्त्री ने शुकदेव मुनि की कथा सुनाई।

उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित को मृत्यु का भय था, तब शुकदेव ने उन्हें एक कथा सुनाई। राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाते हुए शुकदेव को छह दिन बीत गए, लेकिन मृत्यु का भय कम नहीं हुआ, तब शुकदेव ने कहा कि एक राजा जंगल में शिकार खेलने गया और रास्ता भटक गया। रात होने पर वह रहने के लिए आश्रम ढूंढने लगा, तब उसे एक झोपड़ी दिखी। इसमें एक बहेलिया रहता था। बहेलिया ने राजा को अपनी झोपड़ी में रहने के लिए मना कर दिया। इस पर राजा ने आग्रह किया कि वह सवेरे होते ही चला जाएगा। यह बात सुनकर बहेलिये ने झोपड़ी में विश्राम करने की अनुमति दे दी। सुबह होते ही राजा को झोपड़ी छोड़ने में भारी कष्ट और शोक का अनुभव हुआ तो यह कथा सुनाकर शुकदेव ने परीक्षित से पूछा, क्या उस राजा के लिए यह उचित था। इस दौरान कई झांकियों की प्रस्तुति की। झांकी देख कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। बाद में धार्मिक भजन व संगीत की धुन से क्षेत्र का माहौल भक्ति में हो गया। इस दौरान मंदिर के महंत दिनेश गिरी महाराज, पंडित विनीत शर्मा, अवधेश कुमार, बब्लू, कृपाल सिंह, मोहित कुमार, मोनू कुमार, विमला देवी कमला देवी, अर्चना, कीर्ति देवी, रविंद्र चौहान, प्रेम सिंह व गौरव सैनी आदि मौजूद रहे।



फैजुल्लागंज में पोखरा तालाब स्थित शिव मंदिर में कथा सुनते लोग। ● अमृत विचार

### लोस चुनाव के बाद पहली बार रायबरेली पहुंचे राहुल-प्रियंका, राहुल बोले- रायबरेली, अमेठी से पुराना है नाता

# प्रियंका लड़ती तो मोदी हार जाते वाराणसी से चुनाव : राहुल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** आभार सभा में हिस्सा लेने के लिए सांसद राहुल गांधी मंगलवार दोपहर रायबरेली पहुंचे। उनके साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी थीं।

लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है। भूएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित आभार सभा में राहुल गांधी ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा अयोध्या सीट हार गई। न केवल अयोध्या में, बल्कि प्रधानमंत्री ने वाराणसी में भी अपनी जान बचाई है। अगर मेरी बहन प्रियंका गांधी ने वाराणसी से चुनाव लड़ते का फैसला लिया होता तो आज भारत के प्रधानमंत्री 2-3 लाख वोटों से वाराणसी का चुनाव हार जाते। सभा में राहुल गांधी ने रायबरेली और अमेठी की जनता का आभार जताया। जीत के बाद पहली बार पहुंचे राहुल और प्रियंका रायबरेली पहुंचे।

राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को, रायबरेली में मुझे और उत्तर प्रदेश में भारतीय गठबंधन के सांसदों को जिताया है। उन्होंने लोगों से कहा कि आपने राजनीति बदल दी है। बीजेपी और पीएम मोदी पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे देश में जनता ने देश के प्रधानमंत्री को संदेश दिया है कि अगर उन्होंने संविधान को छुआ तो देखिये लोग उनका क्या हाल करेंगे।उन्होंने रायबरेली को अपने पारिवारिक रिश्तों से जोड़ते हुए कहा कि यहां से हमारा पारिवारिक रिश्ता है। राजनीति में सबसे पुराना, वर्षों पुराना नाता है। यह रिश्ता सबसे पहले रायबरेली और अमेठी के खेतों से शुरू हुआ था। राहुल बोले इस चुनाव में देश के किसानों और नौजवानों ने जो बदलाव किया है, आगे उसके परिणाम सार्थक होंगे। राहुल के पहुंचने से पूर्व पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर राहुल और प्रियंका का स्वागत किया। राहुल ने केरल की वायनाड के साथ-साथ यूपी की रायबरेली से भी चुनाव लड़ा था। रायबरेली से इससे पहले सोनिया गांधी चुनाव लड़ती रही हैं।




आभार सभा को संबोधित करते राहुल गांधी और प्रियंका गांधी।

#### हम आपके लिए काम करते रहेंगे : प्रियंका

आभार सभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली और अमेठी के एक-एक कार्यकर्ता, नेता और आप सबको दिल से बहुत-बहुत बधाई। आपने कठिन से कठिन परिस्थिति में लड़ाई लड़ी। इस चुनाव में सबने बहुत मेहनत की। मेरे समाजवादी पार्टी के सभी साथियों ने एकजुटता दिखाकर ये चुनाव लड़ा। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत थी। हमने परिणाम के लिए दिन-रात काम किया है। उन्होंने रायबरेली व अमेठी की जनता को बधाई देते हुए कहा कि मेरे बड़े भाई को जिताने के लिए रायबरेली की जनता की आभारी हूं कि आपने हमारे लिए जो उत्साह दिखाया है, उससे दोगुने उत्साह के साथ हम आपके लिए काम करते रहेंगे। आभार सभा में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, केसी वेणुगोपाल, अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, रायबरेली जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, अमेठी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सांसदों-मंत्रियों के खराब प्रदर्शन की रिपोर्ट हो रही तैयार

**लखनऊ, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से लगातार उप्र. में भाजपा को मिली हार के कारण तलाशने की कवायद में पार्टी जुटी है। इसी कड़ी में राज्य में चुनाव में हारे हुए अपने मंत्रियों और सांसदों के प्रदर्शन की रिपोर्ट भी पार्टी तैयार करेगी। सूत्रों के अनुसार ऐसी रिपोर्ट जलद ही केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी जानी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पहले मंत्रिगण इस विषय पर जानकारियां ले चुके हैं। इस लोस चुनाव में भाजपा ने 80 लोकसभा सीटों में केवल 33 सीटों पर विजय हासिल की जबकि, 2019 के चुनाव में भाजपा ने 63 सीटों पर जीती थी। इस बार हारने वाले प्रत्याशियों में सात भाजपा सरकार के मंत्री भी शामिल थे।

## ऑनलाइन गेम से करोड़ों ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 12 गिरफ्तार

**प्रयागराज, एजेंसी :** प्रयागराज पुलिस ने बड़े पैमाने पर ऑनलाइन गेम के माध्यम से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 12 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 42 मोबाइल फोन, 52 सिम कार्ड, पांच लैपटॉप और ढाई करोड़ रुपये की काली कमाई का बहीखाता बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-यमुना नगर) श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय ने मंगलवार को बताया कि कोतवाली नैनी पुलिस और एसओजी-यमुनानगर की संयुक्त टीम ने सोमवार को एक मुखबिर की सूचना पर महेवा के पूरब पट्टी कब्रिस्तान के पास एक मकान से सोमवार को इन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सूरज चौरसिया (प्रतापगढ़), पीयूष यादव (गाजीपुर), घनश्याम वर्मा (बिलासपुर, छत्तीसगढ़), हिमांशु यादव (गाजीपुर), मनीष निषाद (बालोद छत्तीसगढ़), अजीम फरीद (गाजीपुर), शादाब (गाजीपुर), प्रवीण वर्मा (बिलासपुर, छत्तीसगढ़), विजय निषाद (बालोद छत्तीसगढ़), राहुल कामले (बिलासपुर), मोहम्मद समीर (भदोही) और आशुतोष यादव (गाजीपुर) के रूप में हुई है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि ये लोग गेमिंग एप साइट का इंस्टाग्राम, फेसबुक और मल्टीमीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर नवयुवकों को लुभावने स्लोगन देकर और पैसा कमाने का लालच देकर गेम खिलाते थे और जब छोटी -मोटी रकम जीतने पर लोग बड़ा दांव लगा देते थे, तब वे लाखों रुपये की ठगी का शिकार हो जाते थे। ये आरोपी एक दिन में आठ लाख रुपये से लेकर 25 लाख रुपये तक की ठगी करते थे।

# लखीमपुर खीरी में होगा हवाई पट्टी का विस्तार

### ओबरा पावर प्लांट की अनुमानित लागत बढ़ी, 1000 करोड़ का लोन लिया जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के दौरान शिथिल पड़ गईं परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। मंगलवार को लोकभवन में राज्य मंत्रिमंडल की चुनाव के बाद पहली कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए।

एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने ओबरा के पावर प्लांट की लागत बढ़ाने को मंजूरी दे दी। पहले इसकी लागत 11705 करोड़ रुपए थी, अब 13005 करोड़ रुपए लागत हो गई है।

इसी के साथ बिजली विभाग में लोन लेने के लिए 1000 करोड़ का लोन 9.5 फीसद की दर से हुडको से लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल से जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को भी हरी झंडी दिखायी गई। इनमें ललितपुर, झांसी, महोबा, मिर्जापुर, महोबा जैसे जिलों से जुड़ी परियोजनाओं को मिली मंजूरी मिली है। ज्यादा परियोजनाएं नमामि गंगे से जुड़ी हैं। लखीमपुर में हवाई पट्टी के विस्तार को भी कैबिनेट से मंजूरी दी गई है। यहां हवाई अड्डा बनाए जाने के तहत गांवों की 655 एकड़ ज़मीन अधिग्रहण की जाएगी। इसके लिए 271 करोड़ रुपए को मंजूरी मिली है। मंत्रिमंडल की बैठक में जिन 41 प्रस्तावों पर मुहर लगी है उनमें से 26 प्रस्ताव जल संसाधन विभाग के हैं। सरकार की यह पहली पेपरलेस कैबिनेट बैठक हुई है। इसमें सभी मंत्री टैबलेट के साथ पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव के चलते चार महीने से कैबिनेट की बैठक नहीं हुई थी। चुनाव अधिसूचना से पहले 5 मार्च को आखिरी बैठक हुई थी।



लोकभवन में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- **मंत्रिमंडल से जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को भी हरी झंडी**

#### प्रदेश में बिजली की खपत 29,500 मेगावाट पहुंची

**लखनऊ, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग का पिछला रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,500 मेगावाट पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने भारी मांग को देखते हुए जल्द ही मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना जताई है। कॉरपोरेशन सूत्रों के अनुसार बीते चार जून को बिजली की अधिकतम मांग 29,344 मेगावाट दर्ज हुई थी, पर मंगलवार को यह रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,500 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 22,779 मेगावाट रही। सूत्रों का कहना कि गर्मी के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, क्योंकि गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ गया है। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू करने का प्रयास किया जा रहा है।

## 13 से 20 जून तक होगी पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** 2024 की पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है। यह कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में 13 से 20 जून तक होगी। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए 4 लाख 12 हजार 759 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। यह परीक्षा तीन पॉलियों प्रातः 08 से 10:30 बजे तक, दोपहर 12 से 02:30 बजे तक एवं अपराह्न 04 से 06:30 बजे तक होगी। विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा अन्नावि दिनेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि 13 जून से 15 जून तक ग्रुप-ए का 07 पालियों में, 15 जून से 18 जून तक ग्रुप-ई का 06 पालियों में तथा अन्य ग्रुप 18 जून को दो पालियों में परीक्षाएं होंगी। ये परीक्षा सभी जिलों के 207 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। ये परीक्षा 17 जून के दिन राजपत्रित अवकाश होने कारण परीक्षा स्थगित रहेगी। 19 और 20 जून को आरक्षित दिवस के रूप में रखा गया है।

## संगीत सोम ने संजीव बालियान पर किया पलटवार

**मेरठ, एजेंसी :** मुजफ्फरनगर संसदीय क्षेत्र से चुनाव हार जाने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने सोमवार को जहां बिना नाम लिए संकेतों में सरधना क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक संगीत सोम पर भितरघात का आरोप लगाया, वहीं बालियान ने एक दिन बाद उन पर पलटवार किया है। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता संगीत सोम ने बालियान के आरोपों पर मंगलवार को कहा कि संजीव बालियान का मीडिया के समक्ष मेरे ऊपर यह आरोप लगाना कि मैंने पार्टी को हराया और सपा के उम्मीदवार को चुनाव लड़ाया है, पूरी तरह गलत है।

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने सोमवार को मुजफ्फरनगर में पत्रकारों से बातचीत में बिना नाम लिए सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम की तरफ इशारा करते हुए कहा था कि कि उन्होंने (सोम) सपा को चुनाव लड़ाने का काम किया है। बालियान ने अपनी हार का कारण बताते हुए कहा था कि हार का मुख्य कारण मुसलमानों का ध्रुवीकरण, हिंदू मतों में बंटवारा और चुनाव प्रतिशत कम होना रहा। चुनाव में भितरघात के सवाल पर उन्होंने कहा कि कुछ जयचंद और विभीषण भी जनता के बीच गए, कुछ लोग शिखंडी की तरह नजर आए।

बालियान के इन आरोपों के एक दिन बाद आज यहां सोम ने कहा कि सच्चाई यह है कि पार्टी सरधना में हारी नहीं है, बल्कि करीब-करीब बराबर रही है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का समर्थित और समर्पित कार्यकर्ता हूं। मैं संजीव बालियान को यह सलाह भी दूंगा कि अगर कोई बात भी है तो पार्टी के मंच पर करें, न कि मीडिया के सामने।' सोम ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह तरीका है और फिर मेरी जिम्मेदारी केवल और केवल सरधना विधानसभा क्षेत्र की थी, जहां पर पार्टी नहीं हारी है। करीब-करीब बराबर रही है। जहां हम हारे हैं, समीक्षा वहां होनी चाहिए। संजीव बालियान ये भी बताएं कि वह बुढ़ाना और चरथावल क्यों हारे। मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांच विधानसभा सीट में बुढ़ाना, चरथावल, मुजफ्फरनगर और खतौली चार सीट इसी जिले की हैं, जबकि सरधना विधानसभा सीट मेरठ जिले से आती है। मुजफ्फरनगर लोस क्षेत्र में भाजपा के बालियान ने 2014 में बसपा के कादिर राणा व 2019 में राष्ट्रीय लोकदल के चौधरी अजित सिंह को पराजित किया था।


संजीव बालियान।


संगीत सोम।

- **मैने संजीव को नहीं हरवाया, सपा का चुनाव भी नहीं लड़ाया: संगीत**

## सार-संक्षेप

### शादी अनुदान योजना में आय सीमा एक लाख हुई

**लखनऊ, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित शादी अनुदान योजना में बड़ी राहत दी गई है। योजना का लाभ लेने वाले परिवारों की आय सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गई है। बता दें कि अभी तक उक्त योजना के तहत शहरी क्षेत्रों के 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों के 46,080 रुपये की सालाना आय वाले परिवार ही शादी अनुदान योजना के लिए आवेदन कर सकते थे। अब दोनों के लिए आय सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये सालाना कर दी गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री की ओर से बुलाई गई बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में 154 पद रिक्त हैं। विभागीय मंत्री नरेंद्र कश्यप ने रिक्त पदों को जल्द भरने के निर्देश दिए।

### फर्जी नियुक्तियों की जांच शुरू, निदेशक ने मांगा जवाब

**लखनऊ, अमृत विचार :** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से संबद्ध महाविद्यालय में फर्जी नियुक्तियों की जांच शुरू हो गई है। निदेशक उच्च शिक्षा ने महाविद्यालय प्रबंधन और बेसिक शिक्षा विभाग ने शपथ पत्र के साथ जवाब तलब किया है। मामला तब पकड़ में आया जब वेतन निकासी के लिए शिक्षकों ने एक ही पैन कार्ड का इस्तेमाल किया। यह महाविद्यालय कानपुर देहात जिले में हैं। मामले की जानकारी होने के 48 घंटे के भीतर निदेशालय ने संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। अमृत विचार ने इस जालसाजी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### एसी फटा, कार शोरूम में भीषण आग

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** मुजफ्फरनगर बाईपास के पास एक कार शोरूम में एसी के फटने से भीषण आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए तीन जिलों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाईं गईं। साढ़े पांच घंटे बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। शोरूम मुजफ्फरनगर के व्यवसायी संचित गोयल का बताया जा रहा है। हादसे के समय शोरूम के सर्विस सेंटर पर 200 गाड़ियां सर्विस के लिए आई हुई थीं। लगभग 100 से ज्यादा कर्मचारी मौजूद थे।

## करहल से इस्तीफा दे संसद में हुंकार भरेंगे अखिलेश

**सैफई, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सपा अब देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। जो रास्ता डॉ. लोहिया और नेताजी ने समाजवादियों को दिखाया है उसी रास्ते पर चलकर सपा दलित, किसान, मजदूर और कमजोर तबके से जुड़े लोगों की आवाज बनेगी और पार्टी की गूंज दिल्ली की संसद में सुनाई देगी। अखिलेश यादव ने ये बातें सैफई पहुंचकर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दो स्थानों से चुनाव जीतने के बाद संवैधानिक व्यवस्था के तहत एक जगह से इस्तीफा देना होता है। उन्होंने करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। नेता प्रतिपक्ष कौन होगा इस सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए कौन व्यक्ति महत्वपूर्ण होगा यह पार्टी स्तर पर तय किया जाएगा।

## सौहार्द्र मजबूत करने को मंथन करेंगे मुस्लिम बुद्धिजीवी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार आपसी भाईचारा कायम हुआ है, मुसलमान अब उस भाईचारे को बिगड़ने नहीं देंगे। कैसे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई के बीच आपसी सौहार्द और बढ़ाया जाए, इसपर मंधन करने के लिए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवसिर्टी के रिटायर प्रोफेसर, देशभर के बुद्धिजीवी बुधवार को अलीगढ़ में बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक में बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के संस्थापक सदस्य एवं खानकाह हजरत दादा मियां के नायब सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी भी शिरकत करेंगे।

बेकनगंज दादा मियां चौराहा पर स्थित मजार शरीफ के नायब सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी ने बताया कि अलीगढ़ में बुधवार को बुद्धिजीवियों की एक मीटिंग होगी। उन्होंने अमृत विचार संवाददाता से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में बड़ी मुश्किल से नफरत की दीवार ढही है, ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन नफरत की दीवार को दुबारा कोई नहीं चुन सके। उन्होंने कहा कि हमारा मुल्क एक ऐसा गुलदस्ता है जिसमें तरह तरह के फूल खिलते हैं। ऐसे गुलदस्ते को किसी की नजर लग गई थी लेकिन अब इस गुलद्स्ते को सींचने के लिए मुसलमानों की भी जिम्मेदारी है कि वह आपसी भाईचारे को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि ये अच्छा मौका है, अपने गैर मुस्लिम भाइयों के दुख-सुख में शामिल हों। जब कभी मुसलमानों पर कोई आफत या मुसीबत आई है तो हमारे हिंदू भाई, सिख भाई और ईसाई समुदाय के लोग कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते हैं।

- **देशभर के मुस्लिम बुद्धिजीवी बुधवार को अलीगढ़ में बैठक करने जा रहे**


## वर्ग पहेली-98

**बाएं से दाएं**

1. 1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5. 1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9. 1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट, धोखा, धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।




### वर्ग पहेली -97 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ना | जी | | 2 हँ | 3 स | न | |
| | | 4 खु | | ह | | 5 गं |
| 6 ऐ | | ट | | यो | | धा |
| 7 लो | को | प | यो | गी | | ना |
| पै | | न | | | 8 नि | |
| थ | | | 9 घा | | ढा | |
| | | 10 अ | न | सु | ल | झी |

## सुडोकू -11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 7 | | | | | 2 |
| 7 | | | | 8 | 6 | | 5 | |
| | | 4 | | 9 | | 6 | | 3 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 7 | 8 | | |
| | 1 | | 9 | | | 5 | | |
| 9 | | 6 | | 4 | | 7 | | |
| | 4 | | 1 | 2 | | | | 6 |
| 8 | | | | | 9 | 4 | | |

### सुडोकू - 10 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 4 | 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 |
| 1 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 19.16 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 13 जून 02.12 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।


मेष

आज अनावश्यक क्रोध करने से स्वजन आपके प्रति शत्रुवत हो सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन शुभ नहीं है। जॉब में अधिकारियों से आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। पेट दर्द की समस्या हो सकती है।


वृष

आज नया कारोबार शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। मन में काम को लेकर उत्साह कम हो सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। गुप्त विद्याओं की तरफ आपका रुझान बढ़ सकता है।


मिथुन

आज घर के वास्तु में कुछ सुधार आदि कर सकते हैं। आप काफी सोच-समझकर भविष्य की योजना बनाएंगे। मित्रों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। दिन शुभ रहेगा। यद्यपि आपके ऊपर जवाबदेही बढ़ेगी, किंतु आप फिर भी काफी उत्साहित रहेंगे।


कर्क

आज आपके कार्य धीमी गति से होंगे। इसीलिए आपको काफी धैर्य रखने की आवश्यकता है। यात्राओं के दौरान आपको परेशानी का अनुभव होगा। आपको बातचीत के दौरान विनम्र रहना सीखना होगा। सहयोगी कर्मचारियों से विवाद होने की आशंका है।


सिंह

आज दूसरों के झगड़ों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आप उत्साहपूर्वक अपना काम कर पाएंगे। निवेश को लेकर जल्दबाजी न करें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप धार्मिक विषयों को लेकर काफी सक्रिय हो सकते हैं।


कन्या

आज क्रोध के कारण आपको नुकसान हो सकता है। ऐसे लोगों से संपर्क में न रहें, जो आपको गुस्से के लिए उकसाते हों। व्यवसाय में नवीन प्रयोग करने से बचें। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको सावधान रहना चाहिए। मन में उत्साह का अभाव रहेगा।


तुला

आज आप काफी अध्यात्मिक रहेंगे। जॉब में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से कारोबार या नौकरी को लेकर आपको मौके मिल सकते हैं। नई तकनीक के प्रति आपका आकर्षण बढ़ेगा। संभव है कि आप किसी डिवाइस पर धन खर्च करें।


वृश्चिक

आज व्यापार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। मित्रों का काफी सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में सफलता मिल सकती है। जॉब में पदोन्नति के योग बन सकते हैं। आपको प्रबुद्ध व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।


धनु

आज व्यवसाय में आपकी सक्रियता बढ़ेगी, किंतु आपको ज्यादा निवेश करने से बचना चाहिए। अपने संपर्कों को बढ़ाने का प्रयास करें। आपका मन काम में नहीं लगेगा। आप कुछ दूसरे कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं।


मकर

आज अपनी गुप्त बातों को किसी से शेयर न करें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। आप आपको सिरदर्द की समस्या हो सकती है। अनावश्यक भागदौड़ के कारण आपको थकान की अनुभूति होगी।


कुंभ

आज व्यवसाय काफी लाभप्रद रहने वाला है। जीवनसाथी आपको कड़ी सलाह दे सकता है, किंतु यह आपके लिए लाभप्रद अवश्य होगी। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कार्यक्षेत्र में उत्तम सफलता मिलेगी। आपके सहयोगी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।


मीन

आज कुछ कार्यों के उलझने के योग बन रहे हैं। लोन वगैरह लेने से आपको बचना चाहिए। नौकरी को लेकर चिंता और तनाव हो सकता है। अपनी वाणी में विनम्रता का भाव रखें। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
आज का रावण
सुबह : 08.00
होते होते प्यार हो गया
रात : 07.00

&pictures
सत्यप्रेम की कथा
सुबह : 11.11
लव हॉस्टल
रात : 08.00

SONY PIX
वेनम
सुबह : 11.10
होटल ट्रान्सिलवेनिया 3
रात : 09.00

ZEE CINEMA
चेन्नई वर्सेस चाइना
सुबह : 09.00
हॉलीडे
दोपहर : 02.10

colors CINEPLEX
राजा हिन्दुस्तानी
सुबह : 11.37
जब वी मेट
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर दोपहर : 02.10 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 960 फ्लेग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 945 फ्लेग 1060 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 मूंग साबुत : 90 से 105 कच्ची दाल : 60 से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### जड़ाऊ स्वर्ण आभूषणों के आयात पर अंकुश

**नई दिल्ली।** सरकार ने रत्नों एवं कीमती पत्थरों से सुसज्जित कुछ खास तरह के स्वर्ण आभूषणों के आयात पर मंगलवार को अंकुश लगा दिया। यह कदम इंडोनेशिया और तंजानिया से इन उत्पादों के आयात को हतोत्साहित कर सकता है। हालांकि, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मुक्त शुल्क समझौते के तहत वैध शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) में आयात प्राधिकार के बगैर भी इन जड़ित स्वर्ण आभूषणों के आयात की मंजूरी होगी।

### बेल्कन का अधिग्रहण करेगी कॉग्निजेंट

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी कॉग्निजेंट लगभग 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर (10, 861 करोड़ रुपये) में डिजिटल इंजीनियरिंग कंपनी बेल्कन एलएलसी का अधिग्रहण करेगी। आईटी कंपनी ने बाजार को मंगलवार को यह जानकारी दी।

# भारत अगले 3 साल तक सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा: विश्व बैंक

## वैश्विक रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विश्व बैंक ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि भारत अगले तीन वर्षों में 6.7 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर्ज करते हुए सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

विश्व बैंक की नवीनतम वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह विश्व बैंक के जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान से 1.9 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही विश्व बैंक ने वर्ष 2024 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि के 2.6 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान जताया। उसने कहा कि अगले दो वर्षों में वैश्विक वृद्धि बढ़कर औसतन 2.7 प्रतिशत तक हो जाएगी। हालांकि, यह भी कोविड-19 से पहले के दशक के 3.1 प्रतिशत से काफी कम होगी। रिपोर्ट के मुताबिक-इस पूर्वानुमान का मतलब है कि 2024-26 के दौरान दुनिया की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी और वैश्विक जीडीपी वाले देश कोविड-19 से पहले के दशक की तुलना में धीमी गति से बढ़ रहे होंगे। दक्षिण एशिया क्षेत्र में वृद्धि वर्ष 2023 में 6.6 प्रतिशत रही थी और इसके वर्ष 2024 में सुस्त पड़कर 6.2 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। इस सुस्ती के पीछे का मुख्य कारण हाल के वर्षों में उच्च आधार से भारत की वृद्धि दर में आई नरमी होगी। हालांकि, विश्व बैंक को भारत में स्थिर वृद्धि दर के साथ 2025-26 में दक्षिण एशिया क्षेत्र की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है।

### वैश्विक मुद्रास्फीति 2024-25 में कम होने की उम्मीद

रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक मुद्रास्फीति 2024 में 3 .5 प्रतिशत और 2025 में 2.9 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है लेकिन यह रफ्तार छह महीने पहले के अनुमान की तुलना में धीमी है। इससे कई केंद्रीय बैंक नीतिगत ब्याज दरों को कम करने में सावधानी बरत सकते हैं। विश्व बैंक ने कहा कि भारत में मुद्रास्फीति सितंबर, 2023 से ही रिजर्व बैंक के दो-छह प्रतिशत के निर्धारित दायरे के भीतर बनी हुई है। हालांकि, दक्षिण एशिया क्षेत्र में भारत को छोड़कर क्षेत्रीय मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर से नीचे होने के बावजूद अधिक बनी हुई है।

## सेबी 49 अधिकारियों की करेगा नियुक्ति मांगे गए आवेदन

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने इस साल विभिन्न विभागों में 49 अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। इससे सेबी को अपने नियामकीय कामकाज को तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। यह निर्णय भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा मार्च में 97 वरिष्ठ स्तर के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने के बाद लिया गया है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए लिंक मूल रूप से 13 अप्रैल को खुलने वाला था। हालांकि, आम चुनाव के कारण इसे स्थगित करना का निर्णय लिया गया। सेबी ने मंगलवार को एक नए नोटिस में सामान्य, विधि, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग इले., अनुसंधान और आधिकारिक भाषा विभाग में ऑफिसर ग्रेड ए (सहायक प्रबंधक) के 49 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

## वैश्विक भर्तियों की संभावना में छठे स्थान पर पहुंचा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मैनपावरग्रुप कंपनी के तिमाही में वैश्विक सर्वेक्षण के आधार पर कही गई बात



भारत 2024 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपने रोजगार परिदृश्य के मामले में वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है। देश में 30 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रही हैं।

कार्यबल समाधान कंपनी मैनपावरग्रुप के एक वैश्विक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। भारत के शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) की गणना छंटनी की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं की संख्या को नियुक्ति की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं से घटाकर की गई। इससे सामने आया कि 30 प्रतिशत कंपनियां अगले 3 महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रही हैं। भारत अपने रोजगार परिदृश्य के लिए वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है, जो वैश्विक औसत से आठ अंक ऊपर है। यह सर्वेक्षण 42 देशों में किया गया है।

वैश्विक स्तर पर, कोस्टा रिका में जुलाई-सितंबर के लिए सबसे मजबूत 35 प्रतिशत नियुक्ति की उम्मीद है। इसके बाद स्विट्जरलैंड में 34 प्रतिशत, ग्वाटेमाला में 32 प्रतिशत, मेक्सिको में 32 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका में 31 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में भर्तियां करने की योजना बना रही है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 90,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,500-54,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,500 |
| चांदी पक्की | 876 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

## सोने में 150 रुपये की तेजी चांदी 1,400 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोमवार को सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1,400 रुपये लुढ़क कर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में, हाजिर सोने की कीमतें 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

# विशेष आर्थिक क्षेत्र से निर्यात 2023-24 में बढ़कर 163 .69 अरब डॉलर पहुंचा


**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार 4 प्रतिशत हुई बढ़ोतरी



विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 2023-24 में चार प्रतिशत से अधिक बढ़कर 163.69 अरब डॉलर हो गया, जबकि देश का कुल निर्यात पिछले वित्त वर्ष में तीन प्रतिशत से अधिक घटा था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इन क्षेत्रों से निर्यात 2022-23 में 157.24 अरब डॉलर और 2021-22 में 133 अरब डॉलर रहा था। विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में एक-तिहाई से अधिक का योगदान दिया। विशेष आर्थिक क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें व्यापार तथा सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है। इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध होता है। सरकार ने ऐसे 423 क्षेत्र (जोन) को मंजूरी दी है, जिनमें से 280 इस साल 31 मार्च तक चालू हो चुके हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्र में 5,711 स्वीकृत इकाइयां थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्रों में 6.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। कुल 30.70 लाख लोगों को रोजगार मिला है। प्रमुख निर्यात गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर शामिल हैं। इन क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई उपायों पर विचार कर रही है।




## घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 4% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गई। मई, 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सियाम ने यह जानकारी दी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आतंकवादियों को सहायता देने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में दो विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद होने के सिलसिले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब छह किलोग्राम वजनी विस्फोटक उपकरण रविवार को बरामद किये गये थे और एक दिन बाद उन्हें नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन जून को लश्कर-ए-तैयबा कमांडर रियाज डार और उसके सहयोगी रईस डार की हत्या के बाद आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों के ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क से विस्फोटक बरामद किए।

### 1.47 करोड़ रुपये चुराने वाला पकड़ा गया चोर

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने अपने रिश्तेदार के घर से 1.47 करोड़ रुपए चुराने वाले युवक को चुराई गई नकदी के साथ पकड़ लिया है। सीकर जिले के खाटूश्यामजी के थानाधिकारी राजाराम ने बताया कि आरोपी विकास ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने रिश्तेदार बंशी के घर से पैसे चुराने की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि बंशी ने अपनी जमीन बेचकर पैसा घर में रखा था तथा कल रात वह नागौर के कुचामन में अपने किसी रिश्तेदारे के यहां गया था। राजाराम ने बताया कि विकास अपने दो दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से खाटूश्यामजी इलाके में आया और मंगलवार तड़के घर से उसने पैसे चुरा लिए।

### कारोबारी की स्वास्थ्य स्थिति पर रिपोर्ट तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई की स्वास्थ्य स्थिति पर संबद्ध जेल अधीक्षक से एक रिपोर्ट मांगी है। उच्च न्यायालय की एक अवकाशकालीन पीठ ने जेल अधिकारियों को पिल्लई को मुहैया कराये जा रहे उपचार पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पिल्लई ने स्वास्थ्य आधार पर अदालत से अंतरिम जमानत का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने कहा-नवीनतम चिकित्सा रिपोर्ट संबंधित जेल अधीक्षक से मांगी जाए।

# मोदी सरकार के नए मंत्रियों में 99% करोड़पति

## एडीआर के मुताबिक औसत संपत्ति 107 करोड़, 6 ऐसे जिनके पास 100 करोड़ से अधिक की संपदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में चुनाव सुधार की दिशा में काम करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई मंत्रिपरिषद के 71 सदस्यों में से 70 यानी 99 प्रतिशत करोड़पति हैं और उनकी औसत संपत्ति 107.94 करोड़ रुपये है।

एडीआर ने कहा कि मंत्रियों में से छह ऐसे हैं जिनके पास 100 करोड़ रुपये से कहीं अधिक की संपत्ति है। मंत्रियों की ओर से अपनी संपत्ति की घोषणा के आधार पर एडीआर ने यह आकलन किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी 5705.47 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ इस सूची में सबसे ऊपर हैं। उनकी संपत्ति में 5598.65 करोड़ रुपये की चल और 106.82 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कुल 424.75 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उनकी संपत्ति के ब्योरे में चल संपत्ति में 62.57 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 362.17 करोड़ रुपये शामिल हैं। भारी उद्योग मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के पास कुल 217.23 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में 102.24 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 115.00 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुल 144.12 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जिसमें 142.40 करोड़ रुपये चल संपत्ति और 1.72 करोड़ रुपये अचल संपत्ति शामिल है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के पास कुल 121.54 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में चल संपत्ति में 39.31 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 82.23 करोड़ रुपये शामिल हैं। महाराष्ट्र के उत्तर मुंबई से एक अन्य मंत्री और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 110.95 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है।

### 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है



विश्लेषण किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है। इन मंत्रियों के वित्तीय विवरण प्रदान करने वाली रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि उनके बीच औसत संपत्ति 107 .94 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 71 मंत्रियों के साथ रविवार को शपथ ली थी। इस बार भाजपा को भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है। इसलिए मोदी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं।

## मुंबई हवाई अड्डे पर दो विदेशियों के पास से 33 किलोग्राम सोना बरामद

**मुंबई।** मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने अलग-अलग मामलों में दो विदेशी महिला नागरिकों के अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया 19.15 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 32.79 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि सोमवार को शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अफ्रीकी देशों से आई दोनों महिला यात्रियों की संदेह के आधार पर तलाशी ली गई। जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों मामलों में अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया गया सोना मिला है। उन महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

## क्षीर भवानी यात्रा के लिए आज रवाना होंगे 8,400 से अधिक श्रद्धालु

**जम्मू, एजेंसी**



कश्मीर में वार्षिक क्षीर भवानी मेले के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालु जम्मू से बुधवार को रवाना होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इन श्रद्धालुओं में अधिकतर कश्मीरी पंडित समुदाय से हैं। चार दिवसीय यह तीर्थयात्रा 12 जून को शुरू होगी, जब श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू शहर के बाहरी इलाके नगरोटा क्षेत्र से बसों में रवाना होंगे। इस वर्ष भारत और विदेश के विभिन्न हिस्सों से 80,000 से 90,000 कश्मीरी पंडितों के घाटी के पांच प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के लिए आने की उम्मीद है। ज्येष्ठ मास की अष्टमी पर मनाया जाने वाला वार्षिक क्षीर भवानी मेला 14 जून को कश्मीर के तुलमुल्ला (गंदरबल), टिक्कर (कुपवाड़ा), लक्तिपोरा ऐशमुकाम (अनंतनाग), माता त्रिपुरसुंदरी देवसर (कुलगाम) और माता क्षीर भवानी मंजगाम (कुलगाम) मंदिरों में आयोजित होगा। राहत आयुक्त डॉ. अरविंद करवानी ने कहा कि हमने इस तीर्थयात्रा के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालुओं को पंजीकृत किया है। अरविंद करवानी ने कहा कि पांच मंदिर परिसरों तक यात्रा के लिए लगभग 200 बसें उपलब्ध कराई गईं हैं, जहां देवी महाराग्नया की पूजा करने के लिए क्षीर भवानी उत्सव मनाया जा रहा है।

# सबके सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली निकली : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर लगाया आरोप-अब तीन करोड़ घरों का पीटा जा रहा ढिंढोरा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2022 तक सबसे सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली साबित होने के बाद अब तीन करोड़ आवास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को मंजूरी दी गई।

खरगे ने कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि लोकसभा चुनाव में देश ने ऐसा जवाब दिया कि मोदी सरकार को दूसरों के घरों से कुर्सियां उधार लेकर अपना सत्ता का घर संभालना पड़ रहा है। 17 जुलाई 2020 को प्रधानमंत्री जी ने देश को मोदी की गारंटी दी थी कि 2022 तक हर भारतीय के सिर पर छत होगी। ये गारंटी तो खोखली निकली। उन्होंने कहा-अब तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास देने का ढिंढोरा ऐसे पीट रहे हैं, जैसे पिछली गारंटी पूरी कर ली हो। देश असलियत जानता है कि इस बार इन तीन करोड़ घरों के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस-संप्रग के मुक़ाबले पूरे 1.2 करोड़ घर कम बनवाए। खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल में 2004-13 के बीच 4.5 करोड़ घर बनवाए गए, जबकि पिछले 10 वर्षों में केवल 3.3 करोड़ घरों का निर्माण हुआ। उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी जी की आवास योजना में 49 लाख शहरी आवास यानी 60 प्रतिशत घरों का अधिकतर पैसा जनता ने अपनी जेब से भरा।

उनके मुताबिक-एक सरकारी सामान्य शहरी घर औसतन 6.5 लाख रुपये का बनता है, उसमें केंद्र सरकार केवल 1.5 लाख रू देती है। इसमें 40 प्रतिशत योगदान राज्यों और नगरपालिका का भी होता है। बाक़ी के बोझ का ठीकरा जनता के सिर पर फूटता है। वो भी क़रीब 60 प्रतिशत का बोझ।

# कॉलेज ने कहा-शिक्षिका ढक सकती हैं सिर

**कोलकाता, एजेंसी**

- कोलकाता के निजी कॉलेज का सामने आया हिजाब विवाद

कोलकाता के एक निजी विधि कॉलेज की एक शिक्षिका को हिजाब पहनने के कारण कथित रूप से कक्षाएं लेने से रोके जाने के बाद इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया, लेकिन मंगलवार को कॉलेज ने कहा कि वह स्कार्फ से अपना सिर ढक सकती है।

हालांकि, शिक्षिका संजीदा कादर ने कहा कि उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से एक सप्ताह का समय मांगा है ताकि वह यह निर्णय ले सकें कि उन्हें फिर से काम पर लौटना है या नहीं। एलजेडी लॉ कॉलेज में पिछले तीन साल से शिक्षण कार्य कर रहीं कादर ने पांच जून को इस्तीफा दे दिया था। उनका आरोप था कि कॉलेज प्रशासन ने उन्हें 31 मई के बाद कार्यस्थल पर हिजाब न पहनने का निर्देश दिया था। मामला सार्वजनिक होने और हंगामा मचने के बाद, कॉलेज के अधिकारियों ने 10 जून को इस पर पर जोर दिया कि यह गलतफहमी का नतीजा है और वह अपना इस्तीफा वापस लेने के बाद 11 जून को वापस आ जाएंगी। कादर ने कहा-सोमवार को मुझे कार्यालय से एक ईमेल मिला जिसमें मुझे बताया गया कि मैं कक्षाएं लेते समय अपने सिर को स्कार्फ या दुपट्टे से ढक सकती हूं।

## जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

**रांची।** झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से और कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आलम धन शोधन संबंधी एक मामले के सिलसिले में जेल में हैं। पदाधिकारी ने कहा कि आलम ने रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को लिखे एक पत्र में राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के तौर पर अपना इस्तीफा दिया। आलम ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे अन्य पत्र में कहा-मैं झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से अपना इस्तीफा देता हूं। विधायक दल के नेता के रूप में कार्य करने का अवसर देने के लिए मैं पार्टी नेतृत्व का हमेशा आभारी रहूंगा।

## हरियाणा सरकार जानबूझकर दिल्ली में रोक रही पानी की आपूर्ति : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने मंगलवार को हरियाणा सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति को रोक रही है। आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार शहर के लिए कम पानी छोड़ रही है, जिसके कारण दिल्ली पानी की दैनिक आवश्यकता को पूरा करने में असमर्थ है। हरियाणा सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय में दाखिल हलफनामे का हवाला देते हुए मंत्री आतिशी ने कहा कि हरियाणा सरकार झूठ बोल रही है।

# जरांगे के अनशन का चौथा दिन, तरल पदार्थ लेने से इनकार

**जालना (महाराष्ट्र), एजेंसी**

- मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर अनशन पर बैठे हैं मनोज



मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर चार दिन से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को डॉक्टरों की सलाह के बावजूद नसों के माध्यम से तरल पदार्थ (आईवी फ्लुइड) लेने से इनकार कर दिया।

